


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 31 मार्च, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-90

### भारतीय वायुसेना ने दो साल बाद अदालत में खोला राज

# जब पाकिस्तान में गिरा था भारत का ब्रह्मोस मिसाइल

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** भारतीय वायुसेना ने दो साल पहले पाकिस्तान में गिरी ब्रह्मोस लड़ाकू मिसाइल की आकस्मिक फायरिंग के पीछे के कारणों का खुलासा किया है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के निष्कर्षों के आधार पर बताया गया है कि ब्रह्मोस मिसाइल के लड़ाकू कनेक्टर इसके जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह गए थे और तकनीकी गलती से ब्रह्मोस मिसाइल की दुर्घटनावश फायरिंग हुई थी। पड़ोसी देश में मिसाइल का प्रक्षेपण होने से भारतीय वायुसेना और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। साथ ही सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान हुआ। यह हादसा 09 मार्च, 2022 को सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके मिसाइल की रेंज बढ़ाकर परीक्षण किये जाने के दौरान तकनीकी गलती से हुआ था। अगले ही दिन इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के सामने अपना विरोध दर्ज कराया था। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद भारत सरकार ने घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ




इंक्वायरी का आदेश दिया था। घटना की जांच के लिए 11 मार्च, 2022 को गठित की गई कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के निष्कर्षों को साझा करते हुए भारतीय वायुसेना का कहना है कि यह ऐसी घटना थी, जिसका पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर असर पड़ा। दरअसल, इस घटना में दोषी करार दिए गए कॉम्बैट टीम के विंग कमांडर अभिनव शर्मा ने सैन्य अदालत के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। इस याचिका पर वायुसेना ने 29 मार्च को अपना जवाबी हलफनामा दायर किया है। वायुसेना ने विंग कमांडर शर्मा के उस दावे को खारिज किया है कि वे इस दुर्घटना को रोकने में सक्षम नहीं थे। सभी गतिविधियां उनकी (शर्मा) उपस्थिति में मोबाइल ऑटोनॉमस लॉन्चर के अंदर हुई थीं। दिल्ली हाई कोर्ट में घटना का खुलासा करते हुए भारतीय वायुसेना ने बताया कि लड़ाकू मिसाइलों के लड़ाकू कनेक्टर जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह गए थे और मिसाइल लॉन्च करने का असुरक्षित कार्य नहीं रोका जा सका। ▶9पर

### भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल

# भारत 642.631 अरब अमेरिकी डॉलर का स्वामी

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ये आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए हैं। विदेश मुद्रा भंडार के तहत पाउंड, यूरो और येन जैसी मुद्राएं भी शामिल हैं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

पांचवें सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई है। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।आरबीआई का



*भारत के स्वर्ण-भंडार में भी जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज हुई*

*भारत में विदेशों से जमकर आया पैसा, बन गया इतिहास*

कहना है कि 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई को कहना है कि इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568.264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ बताते हैं कि विदेशियों को भारतीय बाजार खूब पसंद आ रहा है। लगातार पांचवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार (फोरेक्स रिज़र्व ऑफ इंडिया) में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई और अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया है। हाल ही में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 140 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। ▶9पर

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

# हर घर जल का सपना दिखा कर लूटा

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बड़ा एक्शन लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज केस में अपनी चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह घोटाला फ्लो मीटर खरीद की निविदा में कथित भ्रष्टाचार का मामले से जुड़ा है। दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट फाइल की है। इसमें सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में ही ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन जारी




**केजरीवाल सरकार के घोटाले का एक और कारनामा**

**20 हजार करोड़ रुपए की देनदारी में फंस गई दिल्ली**

किया था लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

पिछले महीने इस मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने भारत के महालेखा परीक्षक (सीएजी) को निर्देश दिया था कि वो दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से लेकर 2021 तक के खातों की जांच में तेजी लाए। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया था। पिछले महीने भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाले को लेकर कहा था कि यह बोर्ड घोटाले और ▶9पर

### चुनाव में ढोल बजाने का मीडियाई धंधा बंद

# एक जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

**लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर प्रतिबंध रहेगा। 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से एक जून शाम साढ़े छह बजे के बीच किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के परिणाम के प्रकाशन या प्रचार प्रसार करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप




**उल्लंघन करने पर दो साल की जेल और जुर्माना**

रिणवा ने बताया कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रसारण नहीं करवा सकेगा। एग्जिट पोल पर प्रतिबंध मतदान के शुरू होने से लेकर मतदान समाप्त होने के आधे घंटे बाद तक जारी रहेगा। कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जाएगा, तो उसे दो वर्ष तक कारावास की सजा और जुर्माना या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर दो साल की जेल और जुर्माना लग सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज और पेड न्यूज की पहचान व कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग ने एसओपी तैयार किया है। मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज, रिपोर्टिंग एवं मीडिया के उल्लंघनों की सघन मॉनिटरिंग कर रही है। राजनीतिक विज्ञापन एमसीएमसी के प्रमाणित करने के बाद ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किए जा सकते हैं। ऐसे विज्ञापन को प्रकाशित या फिर प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करता हो।

### कार्टून कॉर्नर




### न्यूज-क्लिक के खिलाफ पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

# ऊंचे पत्रकारों की ओछी हरकतें

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** चीन से पैसा लेकर भारतवर्ष के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले न्यूज पोर्टल न्यूज-क्लिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यूज-क्लिक की राष्ट्रविरोधी हरकतों के खिलाफ पुलिस ने यह पहली चार्जशीट दाखिल की है। न्यूज पोर्टल को चीन के समर्थन में और भारत के विरोध में प्रचार करने के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था। इसमें देश के कई स्वनामधन्य पत्रकार लिप्त थे। आरोप पत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके



*कंपनी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को मिले अहम सबूत*

संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।


बीते 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ था। जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद संदेहास्पद गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत मामला दर्ज किया गया था।विशेष लोक अभियोजक अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह के माध्यम से दिल्ली पुलिस ने अभियोग पत्र प्रस्तुत किया और कहा कि जांच करने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं और बड़ी संख्या में डेटा पुनर्प्राप्त किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। लगभग चार लाख ईमेल और 100 से अधिक डिजिटल दस्तावेज जब्त किए गए हैं। एक आरोपी भारत से बाहर रह रहा है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि हम सबूतों की सराहना करने और उन्हें सारांशित करने की प्रक्रिया में हैं। इस बीच कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दी थी। पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली पुलिस ने पुरकायस्थ और न्यूजक्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को यूएपीए के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

### *भ्रष्टाचार के कीचड़ में फंसी आम आदमी पार्टी*

## दिल्ली शराब घोटाले में मंत्री कैलाश को भी समन



**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है। ईडी के दफ्तर में गहलोत से पूछताछ हुई। शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता पहले से ही जेल में हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी की रिमांड पर हैं। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद हैं। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन के बाद कैलाश गहलोत सरकार में सबसे वरिष्ठ और आलाकमान के भरोसेमंद माने जाते हैं। उनके पास इस समय दिल्ली परिवहन के साथ कई अन्य महत्त्वपूर्ण विभाग हैं। लेकिन कैलाश गहलोत पर पहले ही डीटीसी बसों की खरीद में घोटाले करने के आरोप हैं। ▶9पर




### चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, नरसिंह राव और एमएस स्वामीनाथन को मिला भारत रत्न

# आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भारत सरकार द्वारा चयनित पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया है। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व उप प्रधानमंत्री वयोवृद्ध लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न का सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनके घर जाकर प्रदान करेंगी। लालकृष्ण




आडवाणी खराब स्वास्थ्य के कारण भारत रत्न लेने नहीं पहुंच सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाकी चार विभूतियों को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया। यह सम्मान चारों विभूतियों के परिजनों को सुपुर्द किया गया। चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, नरसिंह राव के पुत्र पीवी प्रभाकर राव, कर्पूरी ठाकुर के पुत्र बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की पुत्री नित्या राव सम्मान प्राप्त किया। वर्ष 2020 से 2023 तक किसी को भी भारत रत्न नहीं दिया गया था, लेकिन 2024 के लिए केंद्र सरकार ने इन पांच विभूतियों को चुना।

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर उनके पोते एनवी सुभाष ने केंद्र सरकार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नरसिंह राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा, नरसिंह राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। चाहे आंध्र प्रदेश के लिए हो या केंद्र के लिए उन्होंने कई बार साहसिक कदम उठाए। जब वह प्रधानमंत्री बने उस समय देश की स्थिति बहुत खराब थी। जब कांग्रेस पार्टी 2004 से 2014 तक सत्ता में रही तब न तो पार्टी ने और न ही गांधी परिवार ने उनके योगदानों को कभी याद किया। पीएम मोदी ने उनके योगदानों को याद रखा और ▶9पर

### यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने की इसरो की तारीफ

# अंतरिक्ष में भारत का काम हैरान करने वाला




**पेरिस, 30 मार्च (एजेंसियां)।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसफ ऐशबैकर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की तारीफ की। उन्होंने हाल ही में सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो को सराहा। ऐशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष रूप से चंद्रमा पर भारत को मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली हैं।

पेरिस में ईएसए की 323वीं परिषद की बैठक हुई थी। इसकी मेजबानी करने के बाद ऐशबैकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर इसरो की प्रशंसा की। इस बैठक में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी भाग लिया था। ईएसए सदस्य राज्यों ने 26 और 27 मार्च को ईएसए परिषद के 323वें सत्र के लिए पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान यूरोपियन वैज्ञानिकों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संबंधों को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। ▶9पर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 70,130/-** (प्रति 10 ग्राम)

**चाँदी : 77,258/-** (प्रति किलोग्राम)

### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $38^0$

न्यूनतम : $26^0$

# रंगभेदी कार्टून साझा कर भारतीय चालक दल का उड़ाया मजाक, यूजर्स ने जमकर लगाई फटकार



वॉशिंगटन, 30 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के बाल्टीमोर में हाल ही में एक कंटेनर शिप (मालवाहक जहाज) के टकराने से फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया था। इस हादसे में छह लोगों की जान चली गई थी। जबकि जहाज पर मौजूद भारतीय चालक दल की सक्रियता की वजह से कई जानें बचाई जा सकी थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन समेत कई लोग भारतीय दल की तारीफ कर रहे हैं। वहीं, इस घटना को दर्शाने वाले एक रंगभेदी कार्टून ने विवाद खड़ा कर दिया है।

**यह है घटना**-सिंगापुर के झंडे वाला मालवाहक जहाज डाली श्रीलंका की राजधानी कोलंबो जा रहा था। तभी बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया था। कुछ ही सेकंड में लगभग पूरा पुल ढह गया था। अधिकारियों ने बताया था कि पुल ढहकर करीब 50 फीट (15 मीटर) नीचे ठंडे पानी में गिर गया है। हादसा मंगलवार सुबह हुआ था।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि जहाज को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा था। वहीं, चालक दल ने सक्रियता दिखाते हुए अलर्ट कॉल दिया था, जिससे पुल की ओर बढ़ते लोगों को रोक लिया गया था।

**राष्ट्रपति ने की थी चालक दल की तारीफ**-अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस बात की पुष्टि की थी कि टक्कर से पहले जहाज के चालक दल ने चेतावनी जारी कर दी थी, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकी। उन्होंने कहा था, जहाज पर मौजूद कर्मचारियों को जैसे ही महसूस हुआ कि उन्होंने जहाज पर नियंत्रण खो दिया है। उन्होंने तुरंत मैरीलैंड परिवहन विभाग को सतर्क कर दिया। जानकारी मिलते ही स्थानीय अधिकारियों ने पुल पर यातायात बंद कर दिया, जिससे निसंदेह लोगों की जान बच गई।

**एनिमेटेड वीडियो किया साझा**-बाइडन के तारीफ करने के एक दिन बाद अमेरिका की एक वेबकॉमिक ने इस घटना को दर्शाने वाला एक कार्टून साझा किया। एनिमेटेड वीडियो में डरे हुए और केवल लुंगी पहने पुरुषों को दिखाया गया है। इसमें अस्त-व्यस्त पुरुषों को दुर्घटना से बचने की तैयारी करते हुए दिखाया गया है। फॉक्सफोर्ड कॉमिक्स ने वीडियो साझा करते हुए एक्स पर लिखा, डाली के अंदर से अंतिम पलों की मिली रिकॉर्डिंग। इस वीडियो में चालक दल भारतीय लहजे में एक दूसरो को अंग्रेजी में गाली देते सुनाई दे रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना**-कार्टून सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसे अब तक 42 लाख लोग देख चुके हैं। हालांकि, अब फॉक्सफोर्ड कॉमिक्स की भारतीयों के रंगभेदी चित्रण और जहाज के चालक दल की क्षमता को कम आंकने के लिए जमकर आलोचना हो रही है।

वहीं एक यूजर पूजा सांगवान ने कार्टून की निंदा की और कहा कि यह शर्मनाक है कि लोग दुखद घटना के लिए भारतीय चालक दल का मजाक उड़ा रहे हैं। इस बीच राज्यपाल ने खुद चालक दल की प्रशंसा की। कार्टून को साझा करते हुए, भारतीय अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने लिखा कि घटना के समय जहाज को एक स्थानीय पायलट द्वारा चलाया जा रहा था। उन्होंने कहा, जिस समय जहाज पुल से टकराया था, उस समय उसमें एक स्थानीय पायलट रहा होगा। किसी भी मामले में, चालक दल ने अधिकारियों को चेतावनी दी थी, जिसकी वजह से कई जानें बचाई जा सकीं। मेयर ने भारतीय चालक दल को हीरो बताया है और उनका धन्यवाद किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जरदारी ने शरीफ का तोड़ा रिकॉर्ड, बेटी आसिफा के चुने जाने से एक ही परिवार में हुए छह सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजनीति काफी दिलचस्प बनी हुई है। कभी चुनाव में धांधली के आरोप तो कभी



दो पार्टियों का गठबंधन कर लेना। इन सबके बीच राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के परिवार ने एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। दरअसल, आसिफ अली और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा को निर्विरोध संसद सदस्य चुने जाने के बाद जरदारी ने शरीफ को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान की राजनीति में एक परिवार से सबसे अधिक सांसद होने का रिकॉर्ड कायम किया है। कहा जा रहा है कि बेनजीर भुट्टो की बेटी आसिफा भुट्टो देश की प्रथम महिला की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार है कि किसी स्थायी राष्ट्रपति की पत्नी को नहीं, बल्कि बेटी को यह औपचारिक उपाधि दी जाएगी। 31 साल की आसिफा भुट्टो पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और देश के एकमात्र दो बार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की सबसे छोटी बेटी हैं। पिछले दशक में आसिफा ने प्रभावशाली भुट्टो-जरदारी परिवार में राजनीतिक सफलता की कई सीढ़ियां चढ़ी हैं। वह राष्ट्रपति जरदारी और अपने भाई बिलावल भुट्टो के बाद परिवार की तीसरी सबसे प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा हैं। आसिफा ने उपचुनाव के लिए सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद (पूर्व में नवाबशाह) इलाके से नेशनल असेंबली सीट एनए-207 के लिए नामांकन पत्र भरा था। क्षेत्र के निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, आसिफा को निर्विरोध चुना गया, क्योंकि उनके खिलाफ नामांकन दाखिल करने वाले तीन उम्मीदवारों ने मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया।

### तुर्की पर इजराइल को हथियार देने के आरोप पर मचा बवाल

**गाजा।** फिलिस्तीन और मुस्लिम दुनिया के मसीहा समझे जाने वाले तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन पर गंभीर आरोप लगे हैं। तुर्की की एक ट्रेड रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि तुर्की ने युद्ध के दौरान इजराइल को हथियार बेचे हैं। मीडिया आउटलेट 'द क्रैडल' ने 'ट्रेंडिंग इकोनॉमिक्स' की एक रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए लिखा कि जनवरी में देश ने इजराइल को कीमती मेटल, केमिकल, कीटनाशकों, परमाणु रिएक्टर पार्ट्स, बारूद, विस्फोटक, विमान के हिस्सों, हथियारों और गोला-बारूद सहित करीब 319 मिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया। तुर्की के मुख्य स्वतंत्र फैक्ट चेक आउटलेटों में से एक टेयिट हक्किंडा के फैक्ट चेकर ओयकुम हुमा केस्किन ने कहा कि एक्सपोर्ट डेटा रिपोर्ट के झूठे होने का दावा गलत है। उन्होंने कहा जब हमने इस रिपोर्ट की जांच की तो पता चला है कि 2024 के पहले तीन महीनों में इजराइल को 'बारूद और विस्फोटक' निर्यात किए गए हैं। खबरों के मुताबिक ट्रेड तुर्की की इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन से जुड़ी कंपनियों ने किया है, जिनको देश में राष्ट्रपति एर्दोआन का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। रिपोर्ट के बाहर आने के बाद सोशल मीडिया पर तुर्की राष्ट्रपति के खिलाफ भूचाल आ गया है। फिलिस्तीन समर्थकों ने इजराइल के साथ हथियारों के व्यापार को फिलिस्तीनियों के 'पीठ में छुरा घोंपने' जैसा करार दिया है। सोशल मीडिया पर लोगों ने तुर्की और एर्दोआन के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया है। मामले के तूल पकड़ने के बाद तुर्की को सफाई देनी पड़ी है। तुर्की की डिफेंस मिनिस्ट्री ने बयान में कहा, तुर्की हमेशा से फिलिस्तीन का समर्थक रहा है।

### रिपोर्ट में खुलासाः बच्चों के लिए असुरक्षित हो रही ऑनलाइन दुनिया, हर छठा बच्चा साइबर बुलिंग का शिकार



**वाशिंगटन।** दुनिया के 44 देशों में हर छठा बच्चा साइबरबुलिंग का शिकार है। धीरे-धीरे ऑनलाइन की दुनिया बच्चों के लिए असुरक्षित होती जा रही है। यूरोप, मध्य एशिया और उत्तरी अमेरिका में 279,000 बच्चों पर हुए अध्ययन में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक, हर महीने 15 फीसदी बच्चे और 16 फीसदी बच्चियां साइबरबुलिंग का शिकार हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 11 से 15 साल के 16 फीसदी बच्चे साइबरबुलिंग के शिकार हुए, जो कि 2018 की तुलना में 3 फीसदी अधिक है। वहीं, चार साल पहले ये आंकड़े 13 प्रतिशत थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक ताजा रिपोर्ट ने यह चिंताजनक स्थिति बताई है। रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे रोजाना 6 घंटे ऑनलाइन समय बिता रहे हैं, ऐसे में साइबर बुलिंग बच्चों पर बढ़ा असर डाल सकती है। अध्ययन में सबसे अधिक साइबरबुलिंग बुल्गारिया में दर्ज की गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि माता-पिता की सामाजिक स्थिति का बच्चों के साइबर बुलिंग को लेकर कोई बदलाव नहीं देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक, लॉकडाउन के दौरान बच्चों और किशोरों की दुनिया तेजी से वर्चुअल होती गई।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन का दावा

# जी20 में जिस भी देश के नेता से मिले सभी ने कहा- डोनाल्ड ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते

वॉशिंगटन, 30 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस पद के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। अब बाइडन ने दावा किया है कि भारत में हुए जी20 समेत कई बैठकों में दुनियाभर के नेताओं ने उनका समर्थन किया है। साथ ही उनसे यह भी कहा कि वह आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने दे सकते हैं।

**विश्व नेताओं का कहना- उनका लोकतंत्र दांव पर**-उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रपति बाइडन ने न्यूयॉर्क में अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि विश्व के नेता हमेशा कहते हैं कि उनका लोकतंत्र दांव पर है। उन्होंने कहा, भारत में जी20 बैठक हो या किसी अन्य देश में हुई बैठक, जब भी दुनिया भर के नेता जुटते हैं तो वो यही कहते हैं कि आप उन्हें (ट्रंप) जीतने नहीं देंगे।

**मैं बढ़ा- चढ़ाकर नहीं बता रहा**-उन्होंने कहा, आपको लग रहा होगा कि मैं बढ़ा- चढ़ाकर बता रहा हूं, पर ऐसा नहीं है। मैं बिना नाम लिए पत्रकारों को बता सकता हूं कि करीब सभी देशों के नेता मुझसे यह बात कह चुके हैं। दुनिया भर से आए नेता मुझसे हाथ मिलाते हुए कहते हैं कि देश का लोकतंत्र दांव पर है। उन्होंने आगे कहा, मैं यही कहूंगा कि यह एक अतिशयोक्ति नहीं है। इसके बारे में सोचिए। यह एक ऐसा शख्स है, जो नाटो से दूर हो गया है।

**अमेरिका के साथ क्या हो रहा है**-राष्ट्रपति बाइडन ने ट्रंप के उस अपने बयान पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया है कि वह रूस को उन देशों के साथ जो कुछ भी करना चाहता है उसे करने के लिए प्रोत्साहित करेगा जो रक्षा पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत खर्च नहीं करते हैं। बाइडन ने कहा, बस आप देखो कि उन्होंने क्या किया है। बाकी दुनिया सोच रही है कि अमेरिका के साथ क्या हो रहा है। हालांकि वह राहत महसूस कर रहे हैं, इसलिए नहीं कि मैं बहुत खास हूं, बल्कि इसलिए कि मैं ट्रंप नहीं हूं। मैं गंभीर हूं। काश ऐसा इसलिए ही होता क्योंकि उन्हें लगता कि बाइडन इतने गंभीर व्यक्ति हैं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि वे मेरा सम्मान करते हैं। मुझे लगता है कि वे मेरी बात सुनते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर वह (ट्रंप) फिर से जीतते हैं तो वे अपने देशों के लिए मौत से डरते हैं।

**ट्रंप ने यह कहा था** - अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान नाटो सदस्य देशों पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा था कि अमेरिका नाटो के उन सहयोगियों का बचाव नहीं करेगा, जो रक्षा पर पर्याप्त खर्च नहीं करते हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि वे रूस को उन देशों पर हमला करने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगे।

ऐसे में नाटो सदस्य देशों में खलबली मच गई है। वर्तमान में नाटो के 31 सदस्य देश हैं। जल्द ही स्वीडन भी नाटो का 32वां सदस्य बन जाएगा। अब तक नाटो में शामिल होने को रक्षा की गारंटी के रूप में देखा जाता रहा है।



### निक्की हेली पहले ही राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर होने की घोषणा कर चुकी हैं

अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव चल रहे हैं। इसी बीच निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए नॉमिनेशन की रेस से खुद को अलग कर लिया है। अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार रह गए हैं। निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा कि अब मेरे चुनावी अभियान को खत्म करने का समय आ गया है। मैंने कहा था कि मैं चाहती हूं कि अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए। मैंने ऐसा किया है। इसके लिए मुझे कोई भी पछतावा नहीं है। हालांकि कहा जा रहा है कि निक्की हेली ने सुपर ट्यूसडे के मुकाबलों में वर्मोंट को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में मिली हार के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर होने का फैसला लिया है। निक्की ने अपने संबोधन के दौरान ट्रम्प का समर्थन करने से इनकार कर दिया। हालांकि उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से रिपब्लिकन और निर्दलियों का समर्थन लेने का आग्रह किया, जिन्होंने पहले उनका समर्थन किया था। निक्की ने कहा कि अब यह डोनाल्ड ट्रंप पर निर्भर है कि वे हमारी पार्टी और उससे बाहर के लोगों के वोट हासिल करें, और मुझे आशा है कि वह ऐसा करेंगे। बता दें कि सुपर ट्यूसडे के चुनाव परिणामों के बाद 77 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिनिधि संख्या में अपनी एकमात्र रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली पर मजबूत बढ़त बनाई थी। ट्रंप ने टेक्सास, कैलिफोर्निया और 11 अन्य राज्यों में जीत हासिल की थी, हालांकि निक्की हेली ने सिर्फ वर्मोंट में जीत हासिल की थी। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के नामांकन को जीतने के लिए दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को 1,215 प्रतिनिधियों की जरूरत होती है, जो प्राइमरी के दौरान चुने जाते हैं। सुपर ट्यूजडे के बाद ट्रंप के पास 244 प्रतिनिधि थे, जबकि हेली के पास सिर्फ 86 डेलीगेट्स का समर्थन था। 2017 से 2018 तक ट्रम्प के मंत्रिमंडल में काम करने वाली निक्की हेली फरवरी 2023 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ चुनौती देने वाली पहली रिपब्लिकन के रूप में सामने आईं थीं।

# सीरिया के अलेप्पो में इजराइली सेना ने किया भीषण हमला, हिजबुल्लाह कमांडर समेत 42 की मौत



अलेप्पो, 30 मार्च। गाजा में युद्ध के बीच इजराइल ने सीरिया के अलेप्पो प्रांत में भीषण हवाई हमले किए, जिसमें लेबनानी आतंकी समूह हिजबुल्लाह के कमांडर सहित 42 लोग मारे गए हैं। इजराइल-हमास युद्ध के बाद सीरिया में इजराइल का यह सबसे भीषण हमला बताया जा रहा है। 2011 में गृहयुद्ध छिड़ने के बाद से इजराइल ने सीरिया में सैकड़ों हवाई हमले किए हैं, जिसमें सेना की चौकियों के साथ-साथ हिजबुल्लाह और फलस्तीनी समूह हमास सहित ईरान समर्थित बलों को निशाना बनाया गया है। सात अक्तूबर को हमास और इजराइल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से सीरिया में इजराइली सेना के हमलों में वृद्धि हुई है। इजराइल ने 24 घंटों में इस तरह का दूसरा भीषण हमला किया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने अलेप्पो हवाई अड्डे के पास लेबनानी आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के एक रॉकेट डिपो को निशाना बनाया। जिसमें हिजबुल्लाह के छह लड़ाकों सहित 42 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में कथित तौर पर सीरियाई सेना के 36 सैनिक शामिल हैं। सीरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी सना ने सैन्य सूत्र के हवाले से बताया कि इजराइली सेना ने अलेप्पो के दक्षिण-पूर्व में हवाई हमला किया। जिसमें आम नागरिक और सैन्यकर्मी हताहत हुए हैं। हालांकि, इजराइली सेना ने हवाई हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अलेप्पो प्रांत में अन्य जगहों पर ईरान समर्थक समूहों द्वारा नियंत्रित हथियार बनाने वाली फैक्टरियों को निशाना बनाकर भी हमले किए गए।

सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इजराइल ने एलेप्पो के दक्षिणी हिस्सों में हवाई हमले किए। इनमें बड़ी संख्या में सैनिक, आम नागरिक व हिजबुल्ला के पांच लड़ाके मारे गए, जिनमें एक स्थानीय कमांडर भी शामिल था। ईरान और उसके समर्थकों ने अलेप्पो व राजधानी दमिश्क सहित पूरे सीरिया में जड़ें जमा ली हैं।

इजराइली रक्षा बलों ने हमास व फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के खिलाफ अभियान जारी रखने की चेतावनी दी, जो खान यूनिस के शिफा अस्पताल में छुपे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि 18 मार्च से अस्पताल परिसर में शुरू किए गए अभियान में अब तक 200 आतंकी मारे जा चुके हैं।

युद्धग्रस्त गाजा से इजराइली सैनिकों की कुछ शर्मनाक तस्वीरें व वीडियो सामने आए हैं। इनमें कुछ इजराइली सैनिक फलस्तीनी महिलाओं के अंतः वस्त्रों व पुतलों से खिलवाड़ करते दिखाई दे रहे हैं।

# कनाडा में गिरफ्तार हुई पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन की क्रू सदस्य, अब झेलना पड़ा निलंबन, जानें क्या है वजह



इस्लामाबाद, 30 मार्च। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने अपने चालक दल की एक क्रू सदस्य को निलंबित कर दिया है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि निवंबन के बाद उन पर कड़ी कार्रवाई करने की भी तैयारी हो रही है। दरअसल हिना सानी पर आरोप था कि उन्होंने बिना किसी वजह एक व्यक्ति का पासपोर्ट अपने पास रखा, जो कि गैर कानूनी है। इसके बाद कनाडा के कस्टम विभाग के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। यह घटना ऐसे समय में घटित हुई है, जब पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस क्रू सदस्यों की कमी की समस्या से जूझ रहा है।

### क्यों हिरासत में लिए गए क्रू सदस्य

हिना सानी को क्रू टीम की दो अन्य सदस्यों के साथ कनाडा में हिरासत में लिया गया था। ये सभी लोग लाहौर से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट पीके-789 पर ड्यूटी पर थे। इस दौरान उन्होंने किसी और का पासपोर्ट अपने पास रखा था। विदेश यात्रा के दौरान दूसरे व्यक्ति का पासपोर्ट ले जाना अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। इसके बाद तीनों को हिरासत में ले लिया गया हालांकि इसके बाद उन्हें हिरासत से छोड़कर वापस पाकिस्तान जाने की अनुमति दे दी गई।

### कड़ी कार्रवाई की तैयारी

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस प्रबंधन ने सानी को निलंबित तो कर दिया लेकिन अब उन पर कार्रवाई की भी तैयारी हो रही है। पीआईए प्रवक्ता अब्दुल्ला हफीज खान ने बताया कि वह कनाडा के प्राधिकारियों की जांच रिपोर्ट के अनुरूप आगे की कार्रवाई करेगा। इस मामले में पीआईए प्रबंधन कनाडा के प्राधिकारियों के संपर्क में है और उनका सहयोग कर रहा है। जांच रिपोर्ट के बाद निलंबित चालक दल की सदस्य के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हफीज खान ने आगे बताया कि तीनों क्रू मेंबर पाकिस्तान लौटेंगी।

### मुश्किल से जूझ रही है पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस

पीआईए की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले डेढ़ साल में कम से कम आठ फ्लाइट अटेंडेंट काम छोड़कर चले गए हैं। बताया जाता है कि सभी ने नौकरी छोड़कर कनाडा में शरण ली है। प्रवक्ता ने कहा कि ये घटनाएं पिछले 10 वर्षों से लगातार देखने को मिल रही हैं। हाल ही में ऐसे मामलों में ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

# पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो को सुप्रीम कोर्ट से झटका इजराइल जाने के लिए पासपोर्ट लौटाने की थी मांग



बाजिलिया, 30 मार्च (एजेंसियां)। ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो को एक बड़ा झटका दिया है। अदालत ने उनके वकीलों के उस अनुरोध को खारिज कर दिया है, जिसमें मांग की गई थी कि बोलसोनारो का पासपोर्ट वापस लौटा दिया जाए ताकि वह इजराइल की यात्रा कर सकें।

**इसलिए जाना था इजराइल**-बोलसोनारो के वकील ने कहा था कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बोलसोनारो को मई में होने वाले एक कार्यक्रम के लिए निमंत्रण किया है। इसलिए पूर्व राष्ट्रपति का पासपोर्ट लौटा दिया जाए।

**जिस पर जांच चल रही...**- अभियोजक जनरल के कार्यालय ने पहले अपनी राय में कहा था कि बोलसोनारो का पासपोर्ट देश छोड़ने से रोकने के लिए लिया गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा कि जिस शख्स पर जांच चल रही है उस पर समय से पहले प्रतिबंध हटाना सही नहीं है।

**इसलिए जब्त किया गया है पासपोर्ट** - गौरतलब है, संघीय पुलिस ने छापेमारी कार्रवाई कर पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो का पासपोर्ट फरवरी में जब्त कर लिया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने और शीर्ष अधिकारियों ने 2022 के चुनाव परिणामों की अनदेखी करने और पराजित नेता को सत्ता में रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रची थी।

**राष्ट्रपति चुनाव में बोलसोनारो को मिली थी हार** - ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव साल 2022 में अक्तूबर में हुए थे। इस राष्ट्रपति चुनाव में बोलसोनारो को हार मिली थी। चुनाव में लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के नेतृत्व में वामपंथी पार्टी ने जीत हासिल की थी। लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने तीसरी बार ब्राजील के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। इसके बाद बोलसोनारो के समर्थकों ने चुनाव नतीजे मानने से इनकार कर दिया था। कट्टरपंथी बोलसोनारो के समर्थक ब्राजील में सेना के ठिकानों के बाहर प्रदर्शन करते हुए सैन्य हस्तक्षेप की मांग कर रहे थे। काफी हंगामा और तोड़फोड़ हुई थी।

# अमेरिकी यूट्यूबर को गिरोह सरगना का इंटरव्यू लेने की कोशिश पड़ी महंगी, हैती में हुआ अपहरण

वॉशिंगटन, 30 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के एक फेमस यूट्यूबर को हैती में एक कुख्यात गिरोह लीडर का इंटरव्यू लेने की कोशिश करना महंगा पड़ गया। खुद को हैती का शासक बताने वाले एक गिरोह ने एडिसन पियरे मालौफ का कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। अब यूट्यूबर को छोड़ने के बदले बड़ी रकम मांग रहा है। बता दें, मालौफ योरफेलोअरब और अरब के नाम से भी मशहूर हैं।

### जिमी बारबेक्यू का इंटरव्यू लेना चाहता था

जॉर्जिया के रहने वाले यूट्यूबर एडिसन पियरे मालौफ हैती के सबसे कुख्यात गिरोह के सरगना जिमी बारबेक्यू चेरिजियर का इंटरव्यू लेने के लिए हिंसाग्रस्त देश पहुंचे थे। 14 मार्च को अमेरिकी यूट्यूबर के हैती पहुंचने के ठीक 24 घंटे बाद उनको एक सहयोगी के साथ 400 मावोजो गिरोह के सदस्यों ने पकड़ लिया।

### छह लाख डॉलर की फिरौती

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी यूट्यूबर का अपहरण छह लाख डॉलर की फिरौती के लिए किया गया है। उनको छोड़ने के बदले 40 हजार डॉलर पहले ही दिए जा चुके हैं।

### इसलिए फेमस हैं मालौफ

बता दें कि मालौफ के यूट्यूब पर 1.4 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उन्हें उनके खतरनाक कारनामों की वजह से जाना जाता है। दरअसल, वह ऐसी खतरनाक जगहों की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां आमतौर पर कोई नहीं जाता है।



### अरब के साथी ने पुष्टि की

मालौफ के अपहरण की जानकारी सोशल मीडिया पर आग की तरह फैलने लगी। इस पर उनके साथी लालेम ने इस बात की पुष्टि की कि उनके दोस्त का अपहरण कर लिया गया है। लालेम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, दो हफ्ते तक इस जानकारी को बाहर नहीं आने की कोशिश की। हालांकि अब यह खबर हर जगह फैल रही है। हां, यह सच है कि अरब का हैती में अपहरण कर लिया गया है और हम उसे सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### आखिरी वीडियो आया सामने

लालेम ने यूट्यूबर मालौफ का एक आखिरी वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो में अरब हैती के एक होटल में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह कहते दिखे कि उनका और उनकी टीम का इरादा राजधानी शहर पोर्ट-औ-प्रिंस जाने का था। लेकिन उन्हें सुबह होने तक इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पोर्ट-औ-प्रिंस पूरी तरह से गिरोहों द्वारा चलाया जाता है, फिर भी उन्होंने वहां जाने का ठान लिया है। अमेरिकी यूट्यूबर मालौफ ने 10 मार्च को पोस्ट किया था, अगर मैं मर गया, तो मैंने अबतक जो भी दिखाया है उसे देखने के लिए धन्यवाद। अगर मैं जीवित रहा, तो भगवान का शुक्रिया।

### एक और साथी का हुआ है अपहरण

वहीं, एक अन्य यूट्यूबर माइल्स लॉर्ड माइल्स रूटलेज ने दावा किया कि उसने अपहरण किए गए स्ट्रीमर से बात की थी। राउटलेज ने कहा कि मालौफ शॉन रूबेंस जीन सैक्रा नाम के एक फिक्सर के साथ यात्रा कर रहे थे। उनका भी अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने कहा, अरब को राजधानी के पूर्वी बाहरी इलाके पोर्ट-औ-प्रिंस में एक पिंजरे में रखा गया है।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दें

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अटके हुए मामले और घने होंगे व ख़र्चे आपके दिमाग़ पर छा जाएंगे। दूसरों को ख़ुशियाँ देकर और पुरानी ग़लतियों को भुलाकर आप जीवन को सार्थक बनाएंगे। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आज के समय में अपने लिए वक़्त निकाल पाना बहुत मुश्किल है। लेकिन आज ऐसा दिन है जब आपके पास अपने लिए भरपूर समय होगा। किसी बच्चे या बूढ़े के स्वास्थ्य को लेकर हुई परेशानी अप्रत्यक्ष रूप से आपके वैवाहिक जीवन को प्रभावित कर सकती है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। कारोबारी जितना हो अपने कारोबार से जुड़ी बातों को किसी से शेयर न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप बड़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं। एकांत में वक्त बिताना अच्छा है लेकिन आपके दिमाग में कुछ चल रहा है तो लोगों से दूर रहकर आप और ज्यादा परेशान हो सकते हैं। इसलिए आपको हमारी सलाह है कि लोगों से दूर रहने से बेहतर होगा किसी अनुभवी शख्स से अपनी परेशानी के बारे में बात करें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज बिना किसी की मदद के ही आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। आपका ज्ञान और हास-परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा।
दफ़्तर में आप तारीफ़ पाएंगे।
जिंदगी में चल रही आपाधापी के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और और आप अपने पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब हो पाएंगे। आपका वैवाहिक जीवन इससे अधिक रंगों से भरा कभी नहीं रहा है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आपके पास प्रचुर ऊर्जा होगी– लेकिन काम का बोझ आपकी खीज की वजह बन सकता है। जिन लोगों से आपकी मुलाक़ात कभी–कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। अपने प्रेम–प्रसंग के बारे में इधर–उधर ज़्यादा बातें न करें। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफ़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। आप चाहें तो परेशानियों को मुस्कुराकर दरकिनार कर सकते हैं या उनमें फँसकर परेशान हो सकते हैं। चुनाव आपको करना है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको फ़ायदा होगा। प्रेम–संबंध में गुलाम की तरह व्यवहार न करें। अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की ज़रूरत है। जीवनसाथी के साथ कुछ तनातनी मुमकिन है, लेकिन शाम के खाने के साथ चीज़ें भी सुलझ जाएंगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ज़्यादा यात्रा करना झुंझलाहट पैदा कर सकता है। आर्थिक तौर पर सुधार तय है।
आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। आज अपने ख़ूबसूरत कामों को दिखाने के लिए आपका प्रेम पूरी तरह खिलेगा।
खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। आज ऐसे बर्ताव करें जैसे कि आप 'सुपर–स्टार' हैं, लेकिन सिर्फ़ उन चीज़ों की ही प्रशंसा करें जो उसके क़ाबिल हैं। आज आपका वैवाहिक जीवन हँसी–ख़ुशी, प्यार और उल्लास का केन्द्र बन सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है। आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा। ऐसी जानकारी ज़ाहिर न करें, जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। विवाह–प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आज आपकी कड़ी मेहनत कार्यक्षेत्र में ज़रूर रंग दिखाएगी। लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं आज आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वैवाहिक जीवन को अधिक सुखमय बनाने के आपके प्रयास उम्मीद से ज़्यादा रंग लाएंगे।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अगर सफर कर रहे हैं तो अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें अगर आप ऐसा नहीं करते तो सामान के चोरी होने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच पैसे को लेकर आज कहासुनी हो सकती है। प्यार का बुख़ार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। जिंदगी में चल रही आपाधापी के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और और आप अपने पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब हो पाएंगे। अपने जीवनसाथी के स्नहे से भीगकर आप ख़ुद को राजसी महसूस कर सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की ज़रूरतों के मुताबिक़ ख़ुद को ढालें। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

उम्रदराज़ लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की ज़रूरत है। अगर आपको लगता है कि आपके पास पर्याप्त धन नहीं है तो आज घर के किसी बड़े से धन संचित करने की सलाह लें। रिश्तेदारों से अचानक तोहफ़ा मिल सकता है, लेकिन पूरी संभावना है कि वे इसके बदले में आपसे कुछ चाहते हों। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

सेहत अच्छी रहेगी। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने, उन्हें अच्छे संस्कार देने और उनकी ज़िम्मेदारी समझाने की ज़रूरत है। आपका प्रेमी या प्रेमिका आज बहुत गुस्से में नजर आ सकते हैं इसकी वजह उनके घर की स्थिति होगी। अगर वो गुस्से में हैं तो उन्हें शांत करने की कोशिश करें। कामकाज के मोर्चे पर आपकी कड़ी मेहनत ज़रूर रंग लाएगी। रिश्तेदारों के चलते जीवनसाथी से वाद–विवाद हो सकता है, लेकि आख़िर में सब ठीक हो जाएगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा– कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाईयों और कमियों पर सावधानी से ग़ौर फ़रमाएँ। आपकी थकी और उदास ज़िन्दगी आपके जीवन–साथी को तनाव दे सकती है। आप क़ामयाबी ज़रूर हासिल करेंगे – बस एक–एक करके महत्वपूर्ण क़दम उठाने की ज़रूरत है। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएगा। आस–पड़ोस की किसी सुनी–सुनाई बात को लेकर आपका जीवनसाथी तिल–का–ताड़ बना सकता है।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 31 मार्च 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : षष्ठी रात्रि 09:37 तक
नक्षत्र : ज्येष्ठा रात्रि 10:58 तक
योग : व्यतिपात रात्रि 09:51 तक
करण : गर प्रात: 09:29 तक
चन्द्रराशि : वृश्चिक रात्रि 10:58 तक
सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त 06:29 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:16 , सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:20 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : एकनाथ षष्ठी , रेवती में रवि प्रात: 07:49 से , भद्रा रात्रि 09:32 से , गण्डमूल चालू हैं, खरमास चालू हैं

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### बीछवाल थाना पुलिस की कार्रवाई

# हवाला के 57 लाख रुपए के साथ युवक गिरफ्तार



**बीकानेर,30 मार्च (एजेंसियां)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई करते हुए बीछवाल थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक से 57 लाख रुपये के साथ पकड़ा है। यह रुपये हवाला के बताए जा रहे हैं। पुलिस गिरफ्त में आए युवक का नाम देवीलाल है। पुलिस की गिरफ्त में आया 30 वर्षीय युवक श्री डूंगरगढ़ के रिड़ी का रहने वाला है।

इतने सारे रुपये की जानकारी जब देवीलाल से मांगी गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। बीछवाल थाना पुलिस ने रुपये को जब्त कर आयकर विभाग को इसकी सूचना दी है। यह कार्रवाई आईपीएस रमेश के निर्देशन में हुई है।

जानकारी के अनुसार बीछवाल थाना क्षेत्र में समता नगर की बीओबी ब्रांच के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति काले कलर का बैग टांगे हुए जाता दिखा। युवक के संदिग्ध दिखाई देने पर रोका गया। पूछताछ की गई तो वह घबराने लगा।

उसके बैग की जब तलाशी ली गई तो बैग के अंदर नोटों की गड्डियां भरी हुई मिलीं। थाने लाकर पूछताछ में उसने अपना नाम देवी लाल पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी रिडी श्री डूंगरगढ़ बताया। पुलिस को युवक के मोबाइल फोन से हवाला का रिकार्ड भी मिला है। फिलहाल बीछवाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

### आबूरोड सदर पुलिस की कार्रवाई

# 22 हजार लीटर हथकढ़ी वॉश नष्ट 40 लीटर शराब जब्त, आरोपी फरार



**सिरोही,30 मार्च (एजेंसियां)।** सिरोही जिले में आबूरोड सदर पुलिस ने हथकढ़ी शराब के खिलाफ लगातार दूसरे दिन भी कारवाई की। इस दौरान उपलागढ़ पहाड़ी क्षेत्र में की गई कारवाई के दौरान 22 हजार लीटर हथकढ़ी वॉश नष्ट कर 40 लीटर शराब जब्त की गई। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार आबूरोड सदर थानाधिकारी राजीव भादू की अगुवाई में शनिवार को टीम ने उपलागढ़ के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध हथकढ़ी शराब बनाने की दो अवैध भट्ठियों को तोड़ा गया। इन दोनों में करीब 22 हजार लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसके अलावा दो अलग–अलग स्थानों से 20–20 लीटर कुल 40 लीटर अवैध हथकढ़ी शराब जब्त की गई। आरोपी निचलीफली, उपलागढ़ पुलिस थाना आबूरोड सदर, जिला सिरोही निवासी दादूराम पुत्र चोपाराम गरासिया और उपलागढ़, पुलिस थाना आबूरोड सदर, जिला सिरोही निवासी जोधाराम पुत्र फुलाराम गरासिया फरार हो गए। कारवाई में आबूरोड सदर पुलिस थाना के सहायक उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेडकांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल रामचन्द्र, जयराम, भंवरलाल, बृजभूषण और भारमल सम्मिलित रहे।

# कन्हैयालाल हत्याकांड को जानबूझ कर लटका रही मोदी सरकार



**उदयपुर,30 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि दो वर्ष पूर्व यहां हुई कन्हैया लाल टेलर की हत्या के मामले को मोदी सरकार जानबूझकर लटकाए रखना चाहती है। मोदी सरकार इस हत्याकांड का इस्तेमाल चुनावों में मतदाताओं के बीच संप्रदायिक वैमनस्यता बढ़ाने में कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ये बात शनिवार को दिन में टाउन हॉल में आयोजित जनसभा में कही। गहलोत उदयपुर लोकसभा उम्मीदवार तारा चंद मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेशक कन्हैया लाल टेलर को बेरहमी से मारा गया था, लेकिन हत्या के दो घंटे बाद ही मुलजिम पकड़े गए थे। दोनों मुल्जिमों के खिलाफ पुलिस की जांच होने से पहले ही केंद्र सरकार की दखलंदाजी से दोनो मुलजिम एनआईए के हवाले कर दिए गए। गहलोत ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि अगर केस की कार्यवाही राज्य पुलिस के पास रहती तो कन्हैया के दोनों हत्यारों को फांसी लग गई होती।गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने मृतक के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी देने और परिवार को 50 लाख रुपए देने में देर नहीं लगाई थी।

# आयकर विभाग के 1823 करोड़ के नोटिस का विरोध

### कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



**हनुमानगढ़,30 मार्च (एजेंसियां)।** हनुमानगढ़ में आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस पार्टी को 1823 करोड़ रुपये टैक्स जमा कराने के दिए गए नोटिस के विरोध में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जंक्शन के मुख्य बाजार स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर किए गए विरोध–प्रदर्शन में जिले भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को विफल करने के लिए लगातार साजिश रच रही है। सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। पार्टी के बैंक खातों को केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर पहले ही फ्रीज कर दिया गया है और उनमें से 135 करोड़ रुपये आयकर विभाग ने निकाल लिए हैं।

अब आयकर विभाग ने 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस दिया है। कांग्रेस के खिलाफ यह अलोकतांत्रिक कार्रवाई की जा रही है। ये कार्रवाई कांग्रेस पार्टी को चुनाव में रोकने के लिए की गई है। राजस्थान राज्य ओबीसी वित्त और विकास आयोग के पूर्व अध्यक्ष पवन गोदारा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की ओर से लगातार देश के लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर प्रहार किए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से देश के लोकतंत्र को विफल करने की सुनियोजित प्रक्रिया को बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत आम चुनावों से ठीक पहले आयकर विभाग की ओर से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज किए गए और 135 करोड़ रुपये निकाल लिए गए। अब आयकर विभाग की ओर से आठ वर्ष के आयकर रिटर्न को आधारहीन तथ्यों के आधार पर पुनः खोल कर लोकतंत्र के सिद्धान्तों पर हमला करते हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी को 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस दिया गया है।

**कांग्रेस को परेशान किया जा रहा**

अश्विनी पारीक ने आरोप लगाया कि आयकर विभाग के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है। कांग्रेस का 14 लाख रुपए का वायलेशन बताकर भाजपा के आयकर विभाग ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपये ले लिए, लेकिन भाजपा को 42 करोड़ रुपए का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। अपना चुनाव अभियान जारी रखेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, जयदेव भिड़ासरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हांसी में भाजपा की रैली: सीएम नायब सैनी का विपक्ष पर हमला

**हांसी,30 मार्च (एजेंसियां)।** हिसार से लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला के प्रचार के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हांसी अनाज मंडी में पहुंचे।मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी की हांसी में पहली रैली थी। इस दौरान हिसार से लोकसभा के उम्मीदवार रणजीत सिंह भी मंच पर मौजूद थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल, राज्यसभा सदस्य डीपी वत्स, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, हांसी विधायक विनोद भयाना ने भी संबोधित किया।

सीएम ने विपक्ष को बनाया निशाना

सीएम नायब सिंह सैनी ने हांसी की अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में बाप–बेटे ही मुख्यमंत्री बनते हैं। भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को सीएम बनाया जाता है। हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बेटे को पहले पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और उसके बाद सीएम बनाया।

### कहा– कांग्रेस में बाप–बेटे ही बनते हैं मुख्यमंत्री



राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया है। हमने धारा 370 को खत्म करने का काम किया। राम मंदिर के नाम को लेकर कांग्रेस राजनीति करती थी। हमसे कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे। बता दूं कि नरेंद्र मोदी की सरकार में आज वहीं पर राम मंदिर बना। आप पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से भी बड़े घोटाले आम आदमी पार्टी ने किए। घोटालों के कारण आज जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जन की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। सभी को बिना खर्ची–पर्ची नौकरी मिली है। मनोहर ने हर वर्ग के लिए नीतियां बनाई हैं। उन नीतियों को दुरुस्त कर लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। देश कांग्रेस के चरित्र और कार्यप्रणाली को भूला नहीं है। कांग्रेस शासन में बातें अधिक, काम कम होता था। अब बातें कम और काम अधिक होता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को सुविधा देने का काम किया है। कहा कि कांग्रेस के समय में गैस सिलिंडर के लिए तीन दिन लाइन में खड़ा होना पड़ता था। नरेंद्र मोदी ने उस लाइन को खत्म किया।

कांग्रेस के कुछ लोग चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। लोगों को गारंटी देने के नाम पर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की गारंटी पर लोगों को विश्वास नहीं है। देश को केवल मोदी की गारंटी पर भरोसा है। इंफ्रास्ट्रक्चर को भाजपा ने मजबूत किया। कांग्रेस को देश नहीं वोट की चिंता है। हमारे लिए देश प्रथम है। नरेंद्र मोदी ने कभी वोट के लिए काम नहीं किया। किसानों को सम्मान निधि के जरिए खाते में 6000 रुपये देने का काम किया। नई योजना बनाकर उन्हें धरातल पर उतारने का काम करेंगे।

**मनोहर लाल ने नायब सैनी को अपने आप सब कुछ दे दिया– रणजीत चौटला**

हिसार से लोकसभा प्रत्याशी रणजीत चौटला ने कहा की इससे बड़ी सभा मैंने नहीं देखी। हांसी वासियों का प्यार आज मुझे और नायब सैनी को मिला। आज की सभा को कामयाब बनाने वाली जानता का शुक्रिया। पार्टी ने मुझे शामिल होते ही बहुत मान–सम्मान दिया। मुझे हिसार से लोकसभा प्रत्याशी चुना। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने नायब सैनी को अपने आप सब कुछ दे दिया।

### लोकसभा चुनाव 2024: वोटर्स–इन–क्यू ऐप का ट्रायल पूरा

# नेत्रहीन मतदाताओं के लिए स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी




**रेवाड़ी,30 मार्च (एजेंसियां)।** एनआईसी हरियाणा की ओर से 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर इस बार एक अनूठी मोबाइल ऐप और वेबसाइट तैयार की है। जिसका प्रयोग कर मतदाता पोलिंग बूथ पर लगी मतदाताओं की लाइन के बारे में जानकारी हासिल कर अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने के लिए बूथ पर जा सकता है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से एनआईसी द्वारा बनाए गए एप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस ऐप को वोटर्स–इन–क्यू का नाम दिया गया है। इसी ऐप की ईक्यूएमएसएचआरवाई डाट एनआईसी डाट इन के नाम से वेबसाइट भी बनाई गई है। फिलहाल इस वोटर्स ऐप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब अढाई दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इस मोबाइल ऐप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में लगे हुए हैं।

रेवाड़ी सहित विभिन्न हलका में की गई है वोटर्स–इन–क्यू ऐप की शुरुआत

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है। प्रारंभिक ट्रायल के रूप में अभी रेवाड़ी सहित गुरूग्राम, रोहतक, बहादुरगढ़, कैथल, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, बडख़ल, पंचकूला, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, यमुनानगर, थानेसर, करनाल, पानीपत और सोनीपत हलका में वोटर्स–इन–क्यू ऐप को शुरू किया गया है।

निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# करनाल में बड़ी वारदात, दिनदहाड़े गाड़ी पर हमला कर एक युवक व दो युवतियों का अपहरण

**करनाल,30 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के करनाल शहर की निर्मल कुटिया चौक से आईटीआई चौक की तरफ जा रहे एक युवक व दो युवतियों का एक अज्ञात कार सवार बदमाशों द्वारा अपहरण करने का मामला सामने आ रहा है। घटना शनिवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे की बीच की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।मिली जानकारी अनुसार, दयानंद कॉलोनी निवासी सौरव राणा दो युवतियों के साथ कार में सेक्टर–12 निर्मल कुटिया से आईटीआई की तरफ अपने घर जा रहा था। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात कार सवार तीन बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी कार अड़ा दी और कार से उतरते ही पीड़ित की कार पर हमला बोल दिया।

वहीं कार के अंदर बैठे सौरव राणा व दो अज्ञात युवतियों के साथ मारपीट की गई और बाद में उन्हें जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर अपहरण कर लिया गया। बताया जा रहा है कि युवक को 31 मार्च रविवार यानी कल लंदन जाना था लेकिन उससे पहले उसकी गाड़ी पर हमला कर उसका अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने वारदात के स्थान पर पड़े हुए युवक का चश्मा व क्षतिग्रस्त होंडा की आई20 कार को अपने कब्जे में ले लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

वारदात के कुछ देर बाद कुछ लोग क्षतिग्रस्त गाड़ी को देखकर रुक गए। इसी दौरान किसी काम से जा रहे सौरव के दोस्त की कार पर नजर पड़ी तो वह अपने दोस्त की कार देखकर रुक गया और पास जाकर देखा तो उसमें कोई नहीं था लेकिन गाड़ी चालू हालत में खड़ी थी। वहीं गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे। उसके दोस्त का चश्मा व एक अज्ञात लड़की का सेंडल भी पड़ा हुआ था। उसके बाद उसने अपने दोस्त को फोन किया तो वह फोन नहीं उठाया तो उसने पुलिस व परिजनों का सूचना दी।

# टीसीएस पर नस्ल के आधार पर छंटनी का आरोप, अमेरिकी कर्मचारियों को निकालकर भारतीयों को दी नौकरी

## ईईओसी में कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के 20 से अधिक अमेरिकी एम्प्लॉइज के एक ग्रुप ने कंपनी पर नस्ल और उम्र के आधार पर गैरकानूनी भेदभाव का आरोप लगाया गया है। एम्प्लॉइज का आरोप है कि टीसीएस ने उन्हें अचानक से नौकरी से निकाल दिया और उनकी जगह पर एच1-बी वीजा पर भारत से आए लोगों को नौकरी दे दी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी एक रिपोर्ट में इसके बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत से कम से कम




22 एम्प्लॉइज ने इसको लेकर इक्वल एम्प्लॉयमेंट अपॉर्चुनिटी कमीशन (ईईओसी) में टीसीएस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया है कि नौकरी से निकाले गए लोगों में कॉकेशियन, एशियाई-अमेरिकी और हिस्पैनिक अमेरिकी शामिल हैं, जिनकी उम्र 40 से 60 साल के बीच की है। इनमें से कई एम्प्लॉइज के पास बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या फिर अन्य एडवांस ड्रिगी हैं।

**टीसीएस पर लगाए गए आरोप निराधार और भ्रामक**

अमेरिकी प्रोफेशनल्स के खिलाफ भेदभाव के आरोप के जवाब में टीसीएस के प्रवक्ता ने कहा, टीसीएस पर गैरकानूनी भेदभाव में लिप्त होने के आरोप निराधार और भ्रामक हैं। टीसीएस का अमेरिका में इक्वल एम्प्लॉयमेंट अपॉर्चुनिटी का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है, जो हमारे ऑपरेशंस में वैल्यूज और इंटीग्रिटी (ईमानदारी) के हाईएस्ट लेवल को दिखाता है।

**ईईओसी के पास फेडरल कानून लागू करने की जिम्मेदारी**

ईईओसी पर फेडरल कानून को लागू करने के लिए जिम्मेदारी होती है जिसमें नस्ल, कलर, रिलीजन, जेंडर, ऐज, डिसेबिलिटी और जेनेटिक इंफॉर्मेशन के आधार पर नौकरी के एप्लीकेंट्स या एम्प्लॉइज के साथ होने वाले भेदभाव को रोकना है।

**टीसीएस में 6 लाख से ज्यादा एम्प्लॉइज**

6 लाख से ज्यादा एम्प्लॉइज वाली टीसीएस का हेडक्वार्टर भारत में है। कंपनी अपने रेवेन्यू का लगभग आधा हिस्सा नॉर्थ अमेरिका से रिसीव करती है, लेकिन कम्पैरटिव रूप से अमेरिका में कंपनी का वर्कफोर्स कम है।

## मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पीएफआई के 3 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सदस्यों की पहचान अब्दुल खादर पुत्तूर, अंशद बदरुद्दीन और फिरोज के तौर पर की गई है। गिरफ्तार किए गए सदस्यों को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों लोगों पर पीएफआई कैडर को हथियार प्रशिक्षण देने और इस प्रतिबंधित संगठन से पर्याप्त धन प्राप्त करने का आरोप लगाया है। 2022 में केंद्र ने पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों के साथ संबंध को लेकर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीओ से 70,000 करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां, 2024-25 में शेयर बाजारों में तेज उछाल का मिलेगा फायदा




**नई दिल्ली।** कंपनियां 2024-25 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 70,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं।2023-24 में कंपनियों ने आईपीओ से 62,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। शेयर बाजार की तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसलिए, इसका फायदा इश्यू लाने वाली कंपनियां उठा सकती हैं। विदेशी निवेशक भी बाजार में अच्छी खासी रकम निवेश कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 19 कंपनियां मिलकर 25,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 37 कंपनियां इश्यू से 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इन्होने सेबी के पास मसौदा जमा कराया है। सभी कंपनियां सेबी से मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। कुल 56 कंपनियों में से नौ कंपनियां नए जमाने की टेक सेक्टर की हैं। ये करीब 21,000 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिये जुटा सकती हैं। अगले वित्त वर्ष में आईपीओ की रफ्तार तेज रहने की उम्मीद है। बड़ी कंपनियां भी बाजार में उतरने वाली हैं। इसमें टाटा कैपिटल से लेकर बिग बॉस्केट तक शामिल हैं। आईपीओ को जिस वजह से तेजी मिलेगी, उनमें घरेलू पूंजी में वृद्धि, बेहतर गवर्नेंस, एफडीआई समर्थन के साथ अनुकूल सरकारी नीतियां और संस्थागत निवेशक शामिल हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आम चुनाव के बावजूद अप्रैल व मई में कुछ आईपीओ लॉन्च होते दिखेंगे। टाटा समूह अपनी इलेक्ट्रिक कंपनी को बाजार में लिस्ट कराने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक रकम का खुलासा नहीं हुआ है। स्विगी भी बाजार में उतरने वाली है।

### गरीबों-वंचितों के खिलाफ है कांग्रेस', डिमांड नोटिस को लेकर सीएम सरमा का विपक्ष पर कटाक्ष



**दिसपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने आयकर विभाग के नोटिस को लेकर कांग्रेस पर हमला किया है। सरमा ने कहा है कि अगर पार्टी द्वारा अपने टैक्स का भुगतान नहीं किया जा रहा है, तो इसका सीधा मतलब हुआ कि यह पार्टी गरीबों और वंचितों के खिलाफ है। कांग्रेस के सबसे कड़े आलोचकों में से एक सरमा ने कहा है यह पार्टी गरीबों को लाभ देने से इनकार कर रही है। बता दें कि आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। यह डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है, जिसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है। इसे लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इसका मतलब यह है कि कांग्रेस कल्याणकारी गतिविधियों के खिलाफ है। यह पार्टी गरीबों और वंचितों के खिलाफ है। उधर इस मामले में विपक्ष ने सत्तारूढ़ भाजपा पर कर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला प्रीपेड रिश्वत रूट, पोस्टपेड रिश्वत रूट, पोस्ट-रेड ग्रुप, और शेल कंपनियों के माध्यम से किया गया था। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा है कि यह 'टैक्स टेररिज्म' है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस पर हमला करने के लिए किया जा रहा है।

### 2024-25 में घटकर 2.1 फीसदी रह जाएगा बैंकों का कुल एनपीए, 2.5-2.7 फीसदी रह सकता है जीएनपीए




**मुंबई।** घरेलू बैंकों के सकल बुरे फंसे कर्ज (जीएनपीए) 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 फीसदी पर आ सकते हैं। 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली का जीएनपीए 2.5-2.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स ने कहा, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण जीएनपीए 2013-14 के 3.8 फीसदी से बढ़कर 2017-18 में 11.2 फीसदी पहुंच गया। इसने बैंकों को एनपीए की पहचान करने और गैर-जरूरी पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट के मुताबिक, जीएनपीए में 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है। 2022-23 में यह सुधरकर एक दशक के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया। 2023-24 की दिसंबर तिमाही में जीएनपीए तीन फीसदी था। एजेंसी ने कहा, वसूली और खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने से संपत्ति की गुणवत्ता सुधरी है।

# 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचेगा निर्यात, नये बाजारों में 2030 तक बढ़ेगी भारतीय उत्पादों की मांग

**नई दिल्ली,30 मार्च (एजेंसियां) ।**

दुनियाभर में व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत से निर्यात तेजी से नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। द्विपक्षीय करार, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व मध्य एशिया जैसे नए बाजारों तक पहुंच से भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात 2030 तक बढ़कर एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नई पहलों के साथ भारत से कीमती धातुओं, खनिजों, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पादों, फार्मास्यूटिकल्स, कार्बनिक रसायन, कपड़ा, मसालों और रक्षा उपकरणों के निर्यात में आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। इससे भारत से निर्यात फरवरी, 2024 में सालाना आधार पर 11.9 फीसदी बढ़कर 41.4 अरब डॉलर पहुंच गया। यह मार्च, 2023 के बाद सर्वाधिक निर्यात है। इसके अलावा, भारत ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया जैसे नए बाजारों में अप्रैल-दिसंबर, 2023 अवधि के दौरान 23.4 करोड़ डॉलर की कारों, दोपहिया-तिपहिया वाहनों व कीमती धातुओं समेत अन्य उत्पादों का निर्यात किया।

**बेहतर संभावनाओं के बीच लक्ष्य पाना संभव**

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, मध्य से लंबी अवधि में भारतीय निर्यात को लेकर संभावनाएं काफी उत्साहजनक हैं। हम 2030 तक एक-एक लाख करोड़ डॉलर की वस्तुओं व सेवाओं दोनों के निर्यात लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में अग्रसर हैं।

हालांकि, 2024-25 की पहली तिमाही में उच्च महंगाई व विभिन्न देशों के बीच तनाव से निर्यात के मोर्चे पर भारत को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सहाय ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी फेड रिजर्व अपनी अगली समीक्षा में दरों में कटौती करना शुरू कर देगा। इससे अन्य देश के केंद्रीय बैंक भी दरें घटाने को प्रेरित होंगे, जिससे मांग को बढ़ावा मिलेगा।

**लाल सागर संकट को भारत ने बनाया अवसर**

फियो महानिदेशक ने कहा, हम बहुत ही कम अवधि




में संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साझेदार देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि देख रहे हैं। इन देशों में निर्यात में बहुत तेज वृद्धि हो रही है। मौजूदा लाल सागर संकट पर उन्होंने कहा, यह वैश्विक व्यापार के लिए एक नई चुनौती है। लेकिन, भारत ने चतुराई से इस विपरीत स्थिति को अवसर में बदल दिया है। केप ऑफ गुड होप के जरिये लंबे मार्गों को अपनाने से अफ्रीका-अमेरिका में नए बाजार खुल रहे हैं।

## बंद हो रहा 'न्यूज' टैब फीचर, फेसबुक पर समाचारों के लिए नहीं दिखेगी फीड

**लॉस एंजलिस।** फेसबुक का 'न्यूज' टैब जल्द ही बंद हो जाएगा। यानी अब फेसबुक पर समाचारों के लिए अलग से कोई टैब या फीड नहीं होगा। कंपनी ने कहा कि वह अप्रैल से अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में न्यूज टैब बंद कर देगी




और समाचारों के लिए कोई नया व्यापारिक समझौता नहीं करेगी। साथ ही कंपनी ने कहा कि वह भविष्य में समाचार प्रकाशकों के लिए कोई विशेष प्रोडक्ट नहीं लाएगी। अब कंपनी का विचार समाचारों पर कम जोर देने का है। यह सुविधा ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी में पिछले साल बंद कर दी गई थी। 'फेसबुक न्यूज' टैब की शुरुआत 2019 में की गई थी। और इसमें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय को जारी किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फेसबुक को इस प्रयोग से भारी उम्मीदें थीं, लेकिन लोग समाचार पढ़ने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। फेसबुक पर केवल तीन प्रतिशत ही समाचार होता है। फिलहाल फेसबुक शॉर्ट वीडियो समेत उस सामग्री पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसे लोग देखना चाहते हैं।

# नई बीमा पॉलिसी एक अप्रैल से सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में होंगी जारी




**नई दिल्ली,30 मार्च ।**

अगर आप 1 अप्रैल 2024 के बाद बीमा खरीदने वाले हैं, तो अब यह आपको सिर्फ डिजटल फॉर्मेट में ही मिलेगा। क्योंकि अब बीमा कंपनी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण नियमों के अनुसार पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में जारी करेगी। नए नियमों के मुताबिक, बीमा कंपनियों के लिए डीमैट फॉर्म में पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है और अब इसे चार बीमा रिपोजिटरी - सीएएमएस रिपोजिटरी, (कार्वी), डेटाबेस मैनेजमेंट और सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी ऑफ इंडिया द्वारा सुगम बनाया जाएगा।

**ई-बीमा खाते क्या हैं** -ई-बीमा खातों में डिजिटल रूप में पॉलिसी जारी करना और रखना शामिल है। जबकि ज्यादातर निजी बीमाकर्ता पहले से ही पॉलिसीधारकों के लिए ई-बीमा खाते खोलते हैं, पॉलिसीधारक अन्य पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में खरीदने और रखने का ऑप्शन चुन सकते हैं।

**अब क्या बदल जाएगा**- 1 अप्रैल से बीमा कंपनियों के लिए सिर्फ डिजिटल पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है। नियमों में कहा गया है, चाहे प्रपोजल इलेक्ट्रॉनिक रूप में मिला हो या किसी और तरीके से, हर बीमाकर्ता सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक रूप में बीमा पॉलिसी जारी करेगा।

**अगर आप अपनी पॉलिसी को भौतिक रूप में रखना चाहते हैं तो**

**यह होंगे फायदे**

1. एक स्थान पर ही सभी बीमा पॉलिसी देख सकेंगे, डाउनलोड कर पाएंगे
2. कागजी दस्तावेजों की डिजिटल प्रारूप के खोने का जोखिम कम होगा
3. ई-बीमा खाते में एक साथ सभी बीमा पॉलिसी को अपडेट कर पाएंगे
4. पॉलिसी विवरण और नवीनीकरण तिथियों को आसानी से ट्रैक कर सकेंगे

**क्या होगा** - यह विकल्प अभी भी उपलब्ध है और आप पुरानी पॉलिसी को भौतिक रूप में रखना जारी रख सकते हैं। बीमा खरीदने के लिए प्रस्ताव फॉर्म भरते समय आप भौतिक प्रति पर भी जोर दे सकते हैं।

**ई-बीमा खाता कैसे खोलें**- नई पॉलिसी खरीदते समय ई-बीमा खाता खोला जा सकता है। आप मौजूदा, भौतिक बीमा पॉलिसी को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में बदल सकते हैं।

**जोखिम खत्म होगा**-विशेषज्ञों का कहना है कि इस नई व्यवस्था से पॉलिसी धारकों को काफी फायदा पहुंचेगा। यह पहल न केवल सुविधा प्रदान करती है, बल्कि पॉलिसीधारक पोर्टफोलियो की सुरक्षा और प्रबंधन को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है। पॉलिसी होल्डर को कागजी दस्तावेज खोने, फटने का डर रहता हैं लेकिन अब यह जोखिम नही होगा।

# सरकार ने 20 में से 13 मिनेरल ब्लॉक की नीलामी रद्द की, निराशाजनक प्रतिक्रिया बनी कारण

**नई दिल्ली,30 मार्च (एजेंसियां) ।**

महत्वपूर्ण खनिजों की पहली किश्त में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉकों में से 13 की नीलामी सरकार ने रद्द कर दी है। खान मंत्रालय के मुताबिक निराशाजनक प्रतिक्रिया की वजह से यह फैसला लिया गया।

**दो ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी**

खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा, 13 मार्च 2024 की अधिसूचना के जरिए 13 खनिज ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था, जिसमें दो ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी और 11 ब्लॉकों के लिए तीन से कम तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाता (टीक्यूबी) थे।

**सात खदानों को तीसरे दौर में नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया**

प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉकों में से 18 ब्लॉकों के लिए 56 भौतिक और 56 ऑनलाइन नीलामियां लगीं। रद्द किए गए 11 ब्लॉकों में से



सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है। छह ब्लॉकों की दूसरे दौर की नीलामी तय कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो गई है।

**नीलामी की तीसरी किश्त शुरू की**

बयान के अनुसार, गुजरात में कुंडोल, निकल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी की तीसरी किश्त शुरू की। केंद्र ने अब तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है।

## कारोबारियों को एक अप्रैल से हर हफ्ते देनी होगी गेहूं भंडार की सूचना, केंद्र सरकार का निर्देश

**नई दिल्ली ।** केंद्र ने गेहूं की जमाखोरी व कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कारोबारियों को इसके भंडार की जानकारी हर सप्ताह सरकारी पोर्टल पर देने का आदेश दिया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कारोबारी, थोक कारोबारी, खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता व प्रोसेसर्स को एक अप्रैल से भंडार की घोषणा करनी होगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, भंडार की जानकारी हर सरकारी पोर्टल पर अगले आदेश तक देनी होगी। सभी संबंधित वैधानिक संस्थाएं सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर भंडार की नियमित व उचित रूप से जानकारी प्रदान की जाए। केंद्र ने पिछले साल गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए इसकी भंडारण सीमा तय की थी। यह सीमा 31 मार्च को खत्म हो रही है।

# देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता तो कहीं छू रहा आसमान

**कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा**

**नई दिल्ली,30 मार्च ।**

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर निकल गई है1 क्रूड 83.12 और ब्रेंट क्रूड 86.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ। क्रूड में यह तेजी पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर असर डाल सकती है।

छत्तीसगढ़, एमपी और केरल समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 0.70 पैसे तक बढ़ी हैं, जबकि गुजरात, असम, बिहार और गोवा समेत कुछ राज्यों में ईंधन 0.50 पैसे तक सस्ता हुआ है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और



डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर है, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.4 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

## जी एंटरटेनमेंट ने कॉस्ट कटिंग करने और ऑपरेटिंग मार्जिन के नाम पर की छंटनी

# कंपनी ने टीआईसी के 50 प्रतिशत एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली,30 मार्च (एजेंसियां) ।**

जी एंटरटेनमेंट ने बेंगलुरु स्थित अपने टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन सेंटर के 50 प्रतिशत एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने यह छंटनी कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कटौती और अपने ऑपरेटिंग मार्जिन को बढ़ाने के लिए किया है। जी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है।

कंपनी का कहना है कि जी एंटरटेनमेंट के बोर्ड से मिली गाइडेंस के बाद टीआईसी को रिस्ट्रक्चर किया गया है। जी बोर्ड ने हाल ही में मैनेजमेंट टीम से वित्त वर्ष 2025 के लिए टीआईसी के खर्च को 600 करोड़ से 50 प्रतिशत कम करने को कहा था।

**हमारा एक्सेप्शनल कंटेंट बनाने पर फोकस्ड-गोयनका**

जी के एमडी और सीईओ पुनीत गोयनका ने कहा- हम एक्सेप्शनल कंटेंट



बनाने पर फोकस्ड हैं। इसे अचीव करने के लिए हमें एक क्रिएटिव एप्रोच, डिटेल्ड कंज्यूमर इनसाइड और फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के मिक्सअप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये कदम कंपनी के लिए कंटिन्यू ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए रिसोर्सेज को अनुकूलित करने और कॉस्ट इफैक्टिव स्ट्रक्चर तक पहुंचने के अप्रोच के अनुरूप हैं। टीआईसी की सुव्यवस्थित टीम अब केवल कंटेंट क्रिएशन, डिस्ट्रीब्यूशन और मोनेटाइजेशन की प्रोसेस में हमें सक्षम और सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

**20 प्रतिशत ऑपरेटिंग मार्जिन तक पहुंचना चाहती है कंपनी**

जी एंटरटेनमेंट 20 प्रतिशत ऑपरेटिंग मार्जिन तक पहुंचना चाहता है। इसके लिए बोर्ड के मैनेजमेंट ने पांच वर्टिकल - मार्गो नेटवर्क्स (शुगरबॉक्स), टेलीप्ले एंड जिदगी, हिपी, वेय्याक और लीनियर टीवी बिजनेस के इंग्लिस क्लस्टर से घाटे में कटौती करना चाहता है।

**जी के देश में 50 चैनल और 40 से ज्यादा इंटरनेशनल चैनल**

जी ग्लोबल कंटेंट कंपनी है, जो देश में 50 चैनल चलाती है। इसमें हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल, रीजनल एंटरटेनमेंट चैनल, हिंदी मूवी चैनल और अन्य चैनल शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी 120 देशों में 40 से ज्यादा चैनल चलाती है। इसका एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जी 5 भी है। जी ने अपना पहला चैनल जी टीवी 1992 में लॉन्च किया था।

## जीईएम पर चालू वित्त वर्ष में अभी तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार, सरकार ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने पत्रकारों से कहा, '' 28 मार्च तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। यह ऐतिहासिक है। '' वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था और पिछले वित्त वर्ष में यह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66,000 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अभी तक 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष में 28 मार्च तक मंच से 1.95 लाख करोड़ रुपये की वुस्तुएं खरीदी गईं।''वर्तमान में सरकारी विभागों, मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य सरकारों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस मंच के जरिए लेनदेन करने की अनुमति है। दुनियाभर में इस तरह के मंचों की सूची में दक्षिण कोरिया का केओएनईपीएस शीर्ष पर है।

# कुछ क्रिएटिव हो जाए!






**कॉलम- इनडोर गेम्स**

न स्कूल जाने का टेंशन, न ही होमवर्क की फिक्र। बस दिनभर मस्ती और खेल। क्या ?...धूप की वजह से आप नहीं जा पाते खेलने। अरे! कोई नहीं, हम हैं तो क्या गम है। इनडोर गेम्स का ये कॉलम आप सब के लिए ही तो है। जानिए इन रोचक खेलों के बारे में जिन्हें आप घर में बैठे-बैठे खेल सकते हैं। फिर देखिए क्या है खास इस बार... !

कहानी पढ़ना आपको अच्छा लगता है न और कई विज्ञापन भी ऐसे होते होंगे, जिन्हें देखकर हंसना बंद ही नहीं होता। आप सोचते होंगे न कि ये तो कोई खास लोग ही होंगे, जो इतनी अच्छी कहानियां लिख लेते होंगे या फिर इतना मजेदार विज्ञापन बना लेते होंगे। आपको लगता होगा कि काश हममें भी ये खास हुनर होते। हो स न इनडोर गेम्स की मदद लीजिए।

**कहानी बुनो**

कहानी बुनना, एक अनोखी कला है। हो सकता है ये आपके भीतर हो या फिर आपके किसी दोस्त के पास ये खूबी मौजूद हो। इस खेल के जरिए आप उसकी इस खूबी का पता लगा सकते हैं।

**कितने खिलाड़ी :**

इस खेल के लिए कम से कम दस खिलाड़ी चाहिएं। ताकि दो टीम में बांटे जा सकें।

**क्या चाहिए**

पेन या पेन्सिल छोटे-छोटे कार्ड या काग़ ।

**यूं खेलें इसे**

अब जितने भी खिलाड़ी हैं, उनकी दो टीम बना लीजिए। अब एक टीम के सदस्य दूसरी टीम के सदस्यों को कागज के टुकड़ें देंगे और पेन्सिल पर उनसे एक शब्द लिखने को कहेंगे। अब सभी से कागज की वो पर्चियां लेकर उसी टीम के एक सदस्य को बुलाकर उस देंगे। पर्चियों पर लिखे शब्दों को एक कहानी में पिरोने के लिए कहें। कहानी को गढ़ने के लिए एक मिनट का समय दें और सुनाने के लिए दो मिनट का। यही प्रक्रिया दूसरी टीम के सदस्य भी करें। जिस टीम की कहानी सबसे ज्यादा मजेदार होगी, वो टीम इस खेल की विजेता होगी। बुन लीजिए, अपनी कहानी भी।

**एड गुरु बनते हैं!**

किसी को अपनी बात समझाने में आप कितने माहिर हैं, ये परखने के लिए इस खेल से बेहतर और कुछ भी नहीं। आइए जानते हैं कैसे खेलें इसे।

**कितने खिलाड़ी**

इस खेल को खेलने के लिए आठ से दस खिलाड़ियों की आवश्यकता होगी।

**क्या चाहिए : दो बैग**

कुछ समान, जैसे- पेन्सिल, पेन, रबर, हेयर क्लिप...आदि।(घर में ऐसे सामान जो आसानी से मिल जाते हैं और जिन्हें उस बैग में रखा जा सकता है।)

**यूं खेलें**

इस खेल में शामिल खिलाड़ियों की दो टीम बना लीजिए। समान से भरे बैग भी दोनों टीम में एक-एक दे दीजिए। पहली टीम दूसरी को अपने पास रखे बैग में से एक समान निकाल देगी। दूसरी टीम को मिले समान को बतौर उत्पाद लेना है। इस उत्पाद के लिए मजेदार विज्ञापन तैयार कीजिए। सभी टीम से एक-एक सदस्य को बुलाइए और उसके द्वारा तैयार किए विज्ञापन को सुनाने के लिए कहिए।

अगर आपके पास वीडियोकैम है तो इसे रिकॉर्ड भी कर सकते हैं। इस विज्ञापन के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित कीजिए। आप इसके लिए हर खिलाड़ी को 10-15 मिनट का समय दे सकते हैं। अब जिस भी टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ियों ने अच्छे विज्ञापन बनाए हैं, वो होगी विजेता।

**उड़ जाए ये पंख**

कभी कागज का कोई टुकड़ा फूंक मार कर उड़ाया है। बस यही तो करना है इसमें, पर कागज की जगह है यहां एक पंख।


**कितने खिलाड़ी**

इसमें चार से पांच खिलाड़ियों की आवश्यकता होगी।

**क्या चाहिए :** जितने खिलाड़ी उतने पंख।

**यूं खेलें :** इस खेल में शामिल सभी खिलाड़ियों को एक-एक पंख दें। अब एक खिलाड़ी को बोले कि अपनी फूंक के सहारे पंख को हवा में ही रखे। पांच मिनट पंख को हवा में रखने वाला खिलाड़ी विजेता होगा, वहीं अगर एक स्थान से दूसरे स्थान पर यानी एक कमरे से दूसरे कमरे तक ले जाने वाले खिलाड़ी को अतिरिक्त अंक मिलेंगे। है न एक्साइटिंग। तो कीजिए मौज ही मौज में सीखने की तैयारी...

## कविता



### रसीले आम

भाते हमें रसीले आम।
लम्बे, गोल, गठीले आम।

फजली, नीलम, कलमी, हापुस,
तोतापरी, दशहरी, लंगड़ा।
कोई भी कम नहीं किसी से,
डाल-डाल पर करते भंगड़ा।

कहीं छिपे शर्मीले आम।
भाते हमें रसीले आम।

केसरिया कपड़ों में कोई,
कोई हरा-हरा अलबेला।
गाल किसी के लाल टमाटर,
कोई पीला छैल-छबीला।

कैसे रंग-रंगीले आम।
भाते हमें रसीले आम।


ऊधम करते अमराई में,
सब्जीमंडी में मुस्काते।
अलग-अलग ढेरों में बैठे,
सबको अपने पास बुलाते।

खुशबूदार सजीले आम,
भाते हमें रसीले आम।

इनको खाते पप्पू-गप्पू,
सलमा-सीता, दादा-नानी।
एक नजर से जो भी देखे,
उसके मुंह में आए पानी।

आओ हम भी छीलें आम,
भाते हमें रसीले आम।

# जैसे को तैसा



दीनू ने धीनू को दस हजार रुपए लौटाए, पर धीनू ने दीनू से एक लाख रुपयों की मांग कर दी। दस हजार कैसे बन गए एक लाख? है न आश्चर्य की बात! ...तो क्या मिले धीनू को एक लाख रुपए?

**दीनू** और धीनू दो भाई थे। दीनू बड़ा ही सज्जन और ईमानदार था। वहीं उसका बड़ा भाई, धीनू चालाक और मक्कार किस्म का था।

पुस्तैनी जमीन को बेचकर कुछ रुपए आए, जिन्हें दोनों भाइयों ने आपस में बांट लिए। धीनू ने अपने पैसे कुछ दिनों में उड़ा दिए, पर दीनू ने अपने हिस्से की रक़म संभाल ली।

साल भर बाद दीनू ने उन पैसों को निकालकर गिना और हिसाब लगाया, तो समझ में आया कि हिसाब के मुताबिक दस हजार धीनू के भी उसके पास हैं। दीनू उन पैसों को लौटाने धीनू के पास गया और बोला, 'भइया, यह पैसे आपके हैं, जो गलती से मेरे पास रह गए थे।'

रुपए देखकर धीनू खुश हो गया। पर वह लालची जो ठहरा, तपाक से बोला, 'तूने इन्हें देने में इतनी देर लगाई। अब तक इस पर मुझे बीस प्रतिशत ब्याज मिल जाता। मेरे नुकसान की भरपाई कौन करेगा?' दीनू ने कहा, 'ठीक है भइया, आपको शाम को मैं दो हजार रुपए दे जाऊंगा।' पर धीनू के मन में लालच घर कर गया था।

इसलिए और भी फायदा लेने के लिए उसने धीनू को रोका और कहा, 'अगर मैं इसे व्यापार में लगाता, तो दस ह ार का मुनाफा होता।' दीनू बेचारा कुछ समझ ही नहीं पा रहा था, उसने लाचार होते हुए कहा, 'ठीक है भइया, मैं शाम को दस हजार रुपए आपको दे जाऊंगा।' धीनू ने पलटते हुए कहा, 'अरे, इसे मैं लॉटरी में लगाता, तो लखपति हो जाता।'

दीनू की आंखों के सामने अंधेरा छा गया और वह बोला, 'भइया इतने रुपए कहां से लाऊं? मुझे माफ कर दो, आगे से ऐसी गलती नहीं होगी।' शैतान धीनू नहीं माना,'मैं नहीं जानता, तुमको इतने तो देने ही होंगे।' दीनू रोते घर गया और अपनी पत्नी को सारी बात बताई। पत्नी ने सारा मामला पंचायत में रखने का फैसला किया। दूसरे दिन पंचायत बैठी और सारा किस्सा दीनू ने पंचायत के सामने रखा।

सरपंच ने गांव वालों से पूछा, 'क्या कोई बता सकता है कि धीनू ने अपने पैसे कभी लॉटरी में लगाए हैं?' एक बुजुर्ग ने कहा, 'नहीं, वो सिर्फ जुआ ही खेलता है।' सरपंच ने धीनू से कहा, 'अब बताओ, कैसे मानें कि तुम पैसे लॉटरी में लगाते? इसलिए तुम्हारा दावा गलत है।' धीनू ने कहा, 'ठीक है। पर मैं इन रुपयों को व्यापार में जरूर लगाता।'

यह सुनकर दूसरे बुजुर्ग बोले, 'धीनू तो निठल्ला है, यहां-वहां फिरता है, इसे व्यापार के बारे में क्या मालूम है?'

अब सरपंच ने धीनू की ओर देख कर कहा, 'तुम्हें तो व्यापार भी नहीं आता, तो मुनाफा कैसा?'

अब धीनू ने कहा, 'पर मैंने इन्हें ब्याज पर दिए ही होते।'

तब सरपंच ने सबसे पूछा, 'क्या धीनू ने किसी को ब्याज पर पैसे दिए हैं?'

गांव वाले एक दूसरे का मुंह ताकने लगे, तभी एक बुजुर्ग उठ खड़े हुए और बोले, 'अपने खर्चे पूरे होते नहीं, किसी और को क्या देगा?' सरपंच बोले, 'सुना तुमने धीनू।' धीनू वहां से जाने लगा। तभी सरपंच ने उसे रोकते हुए कहा, 'बात अभी खत्म नहीं हुई।' धीनू बोला, 'अब क्या बाकी है?'

'सारा गांव जानता है कि तुम गलत आदतों में फंसे हुए हो। वह पैसे यदि दीनू ने तुम्हें पहले दे दिए होते, तो तुमने कब के उड़ा दिए होते। अब तक उसने तुम्हें पैसे न देकर, तुम्हारे धन की सुरक्षा की है। इसका मतलब यह है कि उसे 'धन्यवाद' दोगे तुम्हारे धन की रक्षा करने के लिए।' धीनू ने बड़े भारी मन से दीनू को 'धन्यवाद' कहा और जाने लगा। फिर सरपंच ने उसे टोका और कहा, 'रुको! अभी अंतिम न्याय बाकी है।' अबकी बार धीनू झल्ला ही उठा, 'अब और क्या बच गया है?' सरपंच ने कहा, 'यदि उन दस हजार रुपयों की तुम शराब पीते तो निश्चित ही कोई न कोई बीमारी होती ही। जिसके इला । में दस हजार खर्च हो जाते। इसलिए वह पैसे जो दीनू ने तुम्हें दिए हैं, उसे वापस कर दो।'

पंचायत के फैसले के आगे झुकने के सिवा धीनू के पास और कोई चारा नहीं था। उसने दीनू को पैसे लौटाए। दीनू ने बड़ी उदारता से उन पैसों को वापस करते हुए कहा, 'भइया यह तो आपके ही हैं और आप ही इन्हें रखिए।' धीनू की आंखें भर आईं। उसने दीनू को गले से लगा लिया। पंचायत तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी।



# मांगलिक दोष से राहत दिलाएंगे ये उपाय

## मिलेगी सभी समस्याओं से मुक्ति

**मांगलिक दोष ज्योतिष शास्त्र में एक अवधारणा है जो मंगल ग्रह की कुंडली में कुछ विशेष स्थितियों से जुड़ी होती है. ज्योतिषियों का मानना है कि यह दोष विवाह में देरी, विवाह जीवन में समस्याएं और अन्य अशुभ घटनाओं का कारण बन सकता है। मांगलिक दोष ज्योतिष शास्त्र में एक ग्रहण दोष का नाम है जो मंगल ग्रह के अशुभ स्थान पर या कुंडली के कुछ विशेष स्थानों में होने पर संबंधित होता है। मंगल ग्रह को सज्जनता, ऊर्जा, साहस, और क्रियाशीलता का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब यह किसी कुंडली में अशुभ स्थानों में स्थित होता है, तो इसे मांगलिक दोष कहा जाता है। यह दोष विवाह में कुंडली मिलान के दौरान महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसे कुंडली मिलान के दौरान संदर्भित किया जाता है और इसका माध्यम होकर दोनों व्यक्तियों के बीच के संबंध की समृद्धि की संभावनाएं और दिक्कतें पारित की जा सकती हैं। मांगलिक दोष को दूर करने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं, जैसे कि मांगलिक ग्रह की शांति के लिए यज्ञ, पूजा, मंत्र जप, रत्न धारण करना, दान आदि। यह उपाय ज्योतिषियों द्वारा सुझाए जाते हैं और व्यक्तिगत संदर्भ के आधार पर किए जाते हैं।**




### मांगलिक दोष से छुटकारा पाने के उपाय :

**ज्योतिषीय उपाय:–** ज्योतिषी के अनुसार, मूंगा, पुखराज, या लहसुनिया धारण करने से मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। कुछ विशेष मंत्रों का जाप करने से भी मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। यज्ञ और अनुष्ठान करने से भी मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

**दान:–** गाय को दान करना मांगलिक दोष से छुटकारा पाने का एक प्रभावी उपाय माना जाता है। ब्राह्मणों को दान करना भी मांगलिक दोष से छुटकारा पाने का एक प्रभावी उपाय माना जाता है।

**अन्य उपाय:–** मंगलवार का व्रत रखने से मंगल ग्रह को प्रसन्न करने और मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। हनुमान जी की पूजा करने से भी मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। शिव जी की पूजा करने से भी मांगलिक दोष के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

मांगलिक दोष से छुटकारा पाने के लिए कोई एक निश्चित उपाय नहीं है। उपरोक्त उपायों में से कौन सा उपाय आपके लिए सबसे अच्छा होगा, यह आपके जन्म कुंडली और ज्योतिषीय स्थिति पर निर्भर करता है। मांगलिक दोष केवल एक ज्योतिषीय अवधारणा है। आप मांगलिक दोष से परेशान हैं, तो आपको ज्योतिषी से सलाह लेनी चाहिए और अपनी जन्म कुंडली के आधार पर उपयुक्त उपाय करना चाहिए। मांगलिक दोष विवाह में सफलता की गारंटी नहीं देता है। विवाह में सफलता के लिए कई अन्य कारक भी महत्वपूर्ण होते हैं, जैसे कि आपसी प्रेम, विश्वास और समझ।

# कैसे रखा जाता है रविवार का व्रत

## जानें पूजा विधि और धार्मिक महत्व



हिंदू धर्म में रविवार के दिन की जाने वाली पूजा का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। हिंदू मान्यता के मुताबिक, रविवार के दिन सूर्य देवता की पूजा करने का विधान है। ज्योतिष के अनुसार, सूर्यदेव को अन्य सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। यदि आपकी कुंडली में सूर्य से जुड़ा कोई दोष हो तो रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा करने और व्रत रखने से लाभ प्राप्त होता है। सूर्य देव की आराधना करने से जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं क्या है रविवार पूजा का धार्मिक महत्व और व्रत का सही तरीका।

### रविवार व्रत और पूजा की विधि

रविवार के दिन भगवान भास्कर की कृपा पाने के लिए सूर्योदय से पहले उठकर स्नान कर लें। इसके बाद सबसे पहले साफ लोटे में जल लेकर, सूर्य देव को अर्घ्य दें। फिर पूजा स्थल पर लाल चटाई या कोई भी लाल वस्त्र बिछाकर बैठें और भगवान सूर्य की पूजा आरंभ करें। इसके बाद सूर्य देव के बीज मंत्र की पांच माला का जाप करें। उसके बाद रविवार व्रत की कथा और आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।

भगवान सूर्य नारायण को धूप, अक्षत, दूध, लाल फूल और जल अर्पित करने का विशेष फल माना गया है। रविवार की पूजा में सूर्य देव को लाल चंदन अर्पित करने के बाद प्रसाद के रूप में अपने माथे पर लगाना चाहिए। सूर्य देवी की परिक्रमा एक स्थान पर खडे होकर दी जाती है। ऐसे में आप जहां खड़े हैं उस स्थान की परिक्रमा करें।

### व्रत में क्या खाएं और क्या न खाएं

रविवार के व्रत में गुड़ के साथ गेहूं की रोटी अथवा दलिया खाने का विधान है। इस व्रत में नमक का सेवन बिल्कुल नहीं किया जाता है। ऐसे में इस खाने-पीने में नमक न डालें और न किसी माध्यम से इसे ग्रहण करें। जब आपके रविवार व्रत का संकल्प पूरा हो जाए तो उद्यापन करते समय कम से कम चार ब्राह्मणों को भोजन कराएं और उनका आशीर्वाद पाने के लिए लाल वस्त्र, फल, मिठाई, फूल, नारियल और दक्षिणा दें।

### रविवार व्रत का धार्मिक महत्व

सनातन परंपरा के अनुसार जीवन में यश, वैभव और सुख-समृद्धि पाने के लिए सूर्य देवता की आराधना करना शुभ माना जाता है। रविवार का व्रत करना सूर्य की कृपा पाने और सुखी, स्वस्थ और सम्मानित होने का उत्तम उपाय माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान सूर्य की पूजा करने से कुंडली दोष दूर होता है और नकारात्मक ऊर्जाएं आपसे दूर रहती हैं।




## चमक उठेगा आपका सोया हुआ भाग्य

**हिंदू धर्म में ऐसे कई पशु-पक्षी माने गए हैं, जिन्हें शुभता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वहीं, सनातन धर्म में गाय का विशेष महत्व माना जाता है और इस गौ माता कहकर संबोधित किया जाता है। साथ ही गाय में सभी देवी-देवताओं का भी वास माना जाता है। ऐसे में हम आज आपको बताने जा रहे हैं, कि आप किस प्रकार गाय माता की कृपा प्राप्त कर सकते हैं, जिससे आपको जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।**

### मिलेगा कई दोष से छुटकारा

माना जाता है कि यदि आप रोजाना गाय को गुड़ के साथ रोटी खिलाते हैं, तो इससे आपको कुंडली में मौजूद कई प्रकार के दोष से छुटकारा मिल सकता है। जिससे आपके बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं। वहीं यह भी माना जाता है कि गाय के गले और पीठ को सहलाने वह प्रसन्न होती है, जिससे व्यक्ति को भी इसका लाभ मिलता है।

### करें ये काम

स्वयं भोजन करने से पहले गाय को रोटी खिलाएं और गौ माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें। ऐसा करने से व्यक्ति को आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही गाय के रोजा हरा चारा खिलाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं, बुध ग्रह की अशुभता से बचने के लिए भी गाय को हरा चारा खिलाना अच्छा माना जाता है।

### मंदिर में रखें ये तस्वीर

देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए मंदिर में गाय की भी तस्वीर रख सकते हैं। साथ ही रोजाना गौ माता की पूजा करें।

ऐसा करने से आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। इसके साथ ही गौ माता की सेवा करना भी बहुत ही पुण्यकारी माना गया है।

# जानिए गणगौर व्रत की सही पूजा विधि

गणगौर पूजा राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार देवी पार्वती और भगवान शिव के विवाह का प्रतीक है। साल 2024 में गणगौर की पूजा 11 अप्रैल, गुरुवार को की जाएगी। यह त्योहार 16 दिनों तक चलता है जिसकी शुरुआत 25 मार्च से हो चुकी है। इस त्योहार के दौरान महिलाएं देवी पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। महिलाएं गणगौर माता के गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं। कई जगहों पर मेले और उत्सव आयोजित किए जाते हैं। ये त्योहार देवी पार्वती और भगवान शिव के विवाह का प्रतीक है। सुहागिन महिलाओं के लिए गणगौर का विशेष महत्व होता है। महिलाओं को सौभाग्य और समृद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है। सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी ये महत्वपूर्ण है।



### *गणगौर पूजा के कुछ मुख्य कार्यक्रम ...*

**घट स्थापना:–** गणगौर पूजा के पहले दिन महिलाएं अपने घरों में घट स्थापित करती हैं।

**गणगौर माता की पूजा:** महिलाएं गणगौर माता की पूजा करती हैं और उन्हें फल, फूल और मिठाई चढ़ाती हैं।

**गणगौर माता के गीत:–** महिलाएं गणगौर माता के गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं।

**गणगौर मेला:** इस त्योहार के दौरान कई मेले और उत्सव आयोजित किए जाते हैं।

### गणगौर व्रत की पूजा विधि

व्रत रखने से पहले स्नान करें और स्वच्छ कपड़े पहनें। पूजा के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कि कलश, मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, फूल, फल, मिठाई आदि इकट्ठा करें। एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं और उस पर कलश स्थापित करें। कलश में जल, गंगाजल, चावल, सुपारी, नारियल, सिक्का आदि डालें। कलश के मुख पर आम के पत्ते और कलावा बांधें। कलश के चारों ओर दीपक जलाएं और अगरबत्ती लगाएं।

देवी पार्वती और भगवान शिव की मूर्तियों को स्थापित करें। मूर्तियों को स्नान कराएं और उन्हें नए कपड़े पहनाएं। मूर्तियों को फूल, फल, मिठाई आदि अर्पित करें। दीपक जलाएं और अगरबत्ती लगाएं। देवी पार्वती और भगवान शिव की आरती करें।

गणगौर व्रत की कथा पढ़ें या सुनें। पूरे दिन व्रत रखें और जल का सेवन करें। सूर्यास्त के बाद व्रत खोलें। अगले दिन गणगौर की मूर्ति को जलाशय में विसर्जित करें। गणगौर व्रत की पूजा विधि आपको देवी पार्वती और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद करेगी।

# चुलकाना धाम कलिकाल का सर्वोत्तम तीर्थ

चुलकाना धाम वह पावन धाम है जहां बाबा श्याम जी ने अपने शीश का दान दिया। यह हरियाणा राज्य के पानीपत के समालखा कस्बे से 5 किलोमीटर की दूरी पर चुलकाना गांव में स्थित है। चुलकाना धाम को कलिकाल का सर्वोत्तम तीर्थ माना गया है। श्याम बाबा के दर्शन के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से लाखों की तादाद में भक्त मंदिर में आकर कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं।



### चुलकाना धाम में पूजे जाने वाले देवता

मंदिर में बाबा श्याम जी की पूजा होती है, बाबा के अलावा हनुमान, कृष्ण बलराम, शिव सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। श्याम मंदिर के पास एक पीपल का पेड़ है। पीपल के पेड़ के पत्तों में आज भी छेद हैं, जिसे मध्ययुग में महाभारत के समय में वीर बर्बरीक ने अपने बाणों से बेधा था। वहीं, ऐसा कहा जाता है कि जो भक्त बाबा श्याम से मन्नत मांगते हैं, उनकी मन्नत खाली नहीं जाती हैं।

वर्ष 1989 में इस मंदिर के उद्धार हेतु कमेटी गठित की गई एवं यहाँ पर एक विशाल मंदिर का निर्माण करवाया गया। मंदिर में श्याम भक्त बाबा मनोहर दास जी की समाधि भी स्थित है। कहा जाता है कि बाबा मनोहर दास ने ही सबसे पहले श्याम बाबा की पूजा अर्चना की थी। वैरागी परिवार की 18वीं पीढ़ी मंदिर की देख रेख में लगी हुई है। मंदिर में एक कुंड भी बनाया गया है।

### बाबा ने क्यों दिया शीश का दान

महाभारत युद्ध में पहुंचते ही बाबा का विशाल रूप देखकर सैनिक डर गये। श्री कृष्ण ने उनका परिचय जानने के बाद ही पांडवों को आने के लिये कहा। श्री कृष्ण ने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके बर्बरीक के पास पंहुचे और शीश का दान मांगा। बर्बरीक ने कहा कि मैं शीश दान दूंगा, लेकिन एक ब्राह्मण कभी शीश दान नहीं मांगता। आप सच बतायें कौन हो? श्री कृष्ण अपने वास्तविक रूप में प्रकट हुये तो उन्होंने पूछा कि आपने ऐसा क्यों किया? तब श्री कृष्ण ने कहा कि इस युद्ध की सफलता के लिये किसी महाबली की बली चाहिये। धरती पर तीन वीर महाबली हैं मैं, अर्जुन और तीसरे तुम हो, क्योंकि तुम पांडव कुल से हो। रक्षा के लिये तुम्हारा बलिदान सदैव याद रखा जायेगा। बर्बरीक ने देवी देवताओं का वंदन किया और माता को नमन कर एक ही वार में शीश को धड़ से अलग कर श्री कृष्ण को शीश दान कर दिया। श्री कृष्ण ने शीश को अपने हाथ में ले अमृत से सींचकर अमर करते हुये एक टीले पर रखवा दिया। जिस स्थान पर शीश रखा गया वो पवित्र स्थान चुलकाना धाम है और जिसे आज हम प्राचीन सिद्ध श्री श्याम मन्दिर चुलकाना धाम के नाम से सम्बोधित करते हैं।

### चुलकाना धाम मन्दिर दर्शन समय

हफ्ते के सातो दिन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक दर्शन समय है।

श्याम बाबा के मंदिर में हर एकादशी को जागरण होता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वाद्वशी को श्याम बाबा के दरबार में विशाल मेलों का आयोजन किया जाता है जिनमे दूर दराज से लाखों की तादाद में भक्तजन अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आते हैं।

### कैसे पहुंचे चुलकाना धाम मन्दिर

चुलकाना धाम, हरियाणा राज्य के जिला पानीपत, तहसील समालखा में स्थित है। जहां पर बाबाश्याम का भव्य मन्दिर है। आप देश के किसी भी कोने से दिल्ली आराम से पहुंच सकते है, दिल्ली से हरियाणा का पानीपत सड़क मार्ग और रेल मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।

### चुलकाना धाम की पौराणिक कथा

चुलकाना धाम का सम्बन्ध महाभारत से जुड़ा है। यही वह पवित्र स्थान हैं जहां पर बाबा ने शीश का दान दिया था। पांडव पुत्र भीम के पुत्र घटोत्कच का विवाह दैत्य की पुत्री कामकन्टकटा के साथ हुआ था। इनका पुत्र बर्बरीक था। बर्बरीक को महादेव एवं विजया देवी का आशीर्वाद प्राप्त था। उनकी आराधना से बर्बरीक को तीन बाण प्राप्त हुये जिनसे वह सृष्टि तक का संहार कर सकता थे। पुत्र की वीरता को देख माता ने बर्बरीक से वचन मांगा कि तुम युद्ध तो देखने जाओ, लेकिन अगर युद्ध करना पड़ जाये तो तुम्हें हारने वाले का साथ देना है। मातृभक्त पुत्र ने माता के वचन को स्वीकार किया, इसलिये उनको हारे का सहारा भी कहा जाता है। माता की आज्ञा लेकर बर्बरीक युद्ध देखने के लिये घोड़े पर सवार होकर चल पड़े। उनके घोड़े का नाम लीला था, जिससे लीला का असवार भी कहा जाता है।

# आज मीन राशि में गोचर करेंगे शुक्र देव

## 4 राशियों को होगा सर्वाधिक लाभ

सुखों के कारक शुक्र देव 31 मार्च को मीन राशि में गोचर करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें 4 राशियों को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में शुक्र ग्रह के बली होने पर जातक को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। आइए, इन 4 भाग्यशाली राशियों के बारे में जानते हैं।



### *शुक्र ग्रह राशि परिवर्तन*

शुक्र देव 31 मार्च को संध्याकाल 04 बजकर 46 मिनट पर मीन राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 03 अप्रैल को उत्तर भाद्रपद और 14 अप्रैल को रेवती नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके पश्चात, 24 अप्रैल को मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के स्वामी शुक्र देव हैं। अतः इस राशि के जातकों पर शुक्र देव की विशेष कृपा बरसती रहती है। मीन राशि में गोचर के दौरान शुक्र देव वृषभ राशि के आय भाव में विराजमान रहेंगे। इस भाव में शुक्र देव के रहने से वृषभ राशि के जातकों के आय में वृद्धि होगी। सुख-सुविधाओं पर धन व्यय होगा। अचानक से धन लाभ के भी योग बनेंगे। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे।

**मिथुन राशि–**मीन राशि में गोचर के दौरान शुक्र देव मिथुन राशि के करियर भाव में विराजमान होंगे। इस भाव में शुक्र देव के रहने से मिथुन राशि के जातकों के पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साथ ही सुखों में वृद्धि होगी। अगर आप जॉब की तलाश में हैं, तो करियर को नया आयाम मिल सकता है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि के स्वामी चंद्र देव हैं। हालांकि, कर्क राशि में देवगुरु बृहस्पति उच्च के होते हैं। अतः कर्क राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल प्राप्त होता है। वहीं, शुक्र के भाग्य भाव में विराजमान होने से कर्क राशि के जातकों का भाग्योदय होगा। भाग्य के सहारे आपके सभी बिगड़े काम बनेंगे। साथ ही आमदनी भी बढ़ेगी।

**मीन राशि–** मीन राशि में शुक्र देव उच्च के होते हैं। अतः हमेशा शुभ फल देते हैं। वर्तमान समय में राहु का भी गोचर मीन राशि में है। वहीं, शुक्र के गोचर करने से मीन राशि की किस्मत बदलने वाली है। इस दौरान मीन राशि के जातकों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। अगर नवीन कार्य करने की सोच रहे हैं, तो गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र के दिनों में कर सकते हैं।

# ऐसा मत सोचें कि मैं रातों रात सेंसेशन बनी हूं: मेधा शंकर



12वीं फेल की रिलिजिंग के बाद रातों रात सेंसेशन बनने को लेकर एक्ट्रेस मेधा शंकर ने कहा कि लोग उनकी जर्नी के बारे में नहीं जानते हैं।मेधा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2019 में ब्रिटिश मिनी सीरीज बीचम हाउस से की थी। इसके बाद वह फिल्म शादीस्थान और सीरीज दिल बेकरार में नजर आईं।मेधा ने 12वीं फेल की सफलता के साथ स्टार बनने की शुरुआत को याद करते हुए कहा, मैंने 2018 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और 2020 मेरे और पूरी दुनिया के लिए बहुत मुश्किल साल था, मैं उस वक्त काफी परेशान थीं।एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं रातोंरात सेंसेशन बनी हूं, बात सिर्फ इतनी है कि लोग मेरी जर्नी के बारे में नहीं जानते।।। अगर रातोंरात एक शब्द है तो मेरी रातें पांच साल लंबी थीं।यह पूछे जाने पर कि इंडस्ट्री में अच्छा एक्टर बनने के लिए क्या करना पड़ता हैएक्ट्रेस ने कहा, अपनी बातें सही रखें, ज्यादा न सोचें। मैं एक एक्टर के तौर पर अपनी कला को निखारने और अच्छा काम करने, साथ ही अच्छी स्क्रिप्ट के लिए हां कहने पर फोकस करने की कोशिश करती हूं।

# स्टाइलिश आउटफिट पहन पूनम पांडे ने बिखेरा जलवा,एक्ट्रेस की हॉटनेस ने लूटी महफिल



इन दिनों सोशल मीडिया पर हर तरफ पूनम पांडे की ही चर्चा है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। इन तस्वीरों में पूनम पांडे ने हरे रंग का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जो उनके ऊपर काफी जंच रहा है। उन्होंने अपने बाल खुले रखे हैं और लाइट मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में पूनम अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।इस तस्वीर में पूनम पांडे किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। पूनम पांडे की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए।अपनी बोल्ड अदाओं से लोगों को अपनी ओर अट्रेक्ट करने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपनी तस्वीरों से बोल्डनेस की सारी हदे पार कर रखी हैं। हालांकि इस बार भी पूनम पांडे का ये लुक हद से ज्यादा स्टाइलिश नजर आ रहा है।इन तस्वीरों पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, आप किसी परी से कम नहीं लग रही हैं, तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट किया, आपका ये स्टाइलिश लुक कमाल का है।

# धर्मेंद्र की ठुकराई इस फिल्म ने चमका दी थी बेटे सनी देओल की किस्मत

## बनी थी 1988 की बंपर कमाई करने वाली मूवी



बॉलीवुड में सत्तर और अस्सी का दौर वो दौर था जब धर्मेंद्र का स्टारडम पीक पर था। फिल्म हिट करने के लिए उनका नाम ही काफी हुआ करता था। इसी दौर में 1987 में आई मूवी आग ही आग। इस फिल्म की कामयाबी के बाद फिल्म के डायरेक्टर शिबू मित्रा ने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया। उनकी ख्वाहिश थी कि फिल्म में एक बार फिर धर्मेंद्र ही नजर आएं। लेकिन धर्मेंद्र ने न सिर्फ उनकी फिल्म में काम करने से इंकार किया। बल्कि उनके सामने एक भारी भरकम शर्त भी रख दी। जिसे सुनकर पहले तो डायरेक्टर बुरी तरह निराश हुए। लेकिन जब उसमें फायदा दिखा तब उनकी खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा।

शिबू मित्रा और फिल्म के प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने धर्मेंद्र को अपनी नई फिल्म का ऑफर दिया। लेकिन धर्मेंद्र ने ये कह कर फिल्म करने से इंकार कर दिया कि उनके पास फिल्म से बेहतर ऑफर है। इस ऑफर के रूप में धर्मेंद्र ने डायरेक्टर शिबू मित्रा के सामने दो शर्तें रखीं।

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र की पहली शर्त ये थी कि डायरेक्टर उनकी जगह उनके बेटे सनी देओल को फिल्म में कास्ट करें। इसके अलावा धर्मेंद्र की दूसरी शर्त ये थी कि अगर डायरेक्टर शिबू मित्रा उनकी बात मान लेते हैं तो वो उनकी अगली फिल्म को आधी फीस में करने को राजी होंगे। धर्मेंद्र की पहली शर्त सुनकर डायरेक्टर निराश हो गए थे। लेकिन दूसरा ऑफर सुनते ही वो काफी खुश हुए।

### इस फिल्म की थी रीमेक

शिबू मित्रा ने धर्मेंद्र को जिस फिल्म का ऑफर दिया था उसका नाम था पाप की दुनिया। ये फिल्म परवरिश मूवी की रीमेक थी।, जिसमें सनी देओल के अलावा प्राण, नीलम कोठारी, चंकी पांडे और डैनी थे। डायरेक्टर ने धर्मेंद्र को प्राण वाला रोल ऑफर किया था। उस जमाने में ये फिल्म 2।40 करोड़ रु। में बनकर तैयार हुई थी। जिसने साल 1988 में 9 करोड़ रु। का बिजनेस किया था। ये उस साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन गई थी।

# द फैमिली स्टार का दमदार ट्रेलर जारी, विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की जमी जोड़ी




विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर अपनी फिल्म द फैमिली स्टार की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों को वे एक पारिवारिक मनोरंजन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं के पोस्टर और टीजर ने हाल ही में फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया था। वहीं, अब इस उत्साह को चरम पर ले जाने के लिए फिल्म के निर्माताओं ने आखिरकार द फैमिली स्टार का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है।फिल्म का ट्रेलर 2 मिनट और 26 सेकंड लंबा है। ट्रेलर में कई तरह की भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का डोज देती है। ट्रेलर में विजय को एक पूर्ण पारिवारिक व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है और मृणाल उनके जीवन में एक नए किरायेदार के रूप में आती हैं, फिर जल्द ही परिवार की तरह बन जाती हैं। फिल्म में रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी का भी डोज है। वहीं, विजय और मृणाल के बीच मस्ती और प्यार भरी नोंक-झोंक भी देखने को मिली। वहीं ट्रेलर के अंत में मृणाल, विजय को तप्पड़ मारती हुई नजर आती हैं।2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गीता गोविंदम के बाद विजय देवरकोंडा और निर्देशक परशुराम पेटला द फैमिली स्टार में दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म को एक एक्शन एंटरटेनर माना जा रहा है, जिसमें विजय और मृणाल के अलावा जगपति बाबू, अच्युत कुमार, अभिनय, वासुकी, रोहिणी हट्टंगडी और रवि बाबू, दिव्यांश कौशिक, अजय घोष और कई अन्य कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। द फैमिली स्टार को वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू द्वारा बनाया जा रहा है, वहीं गोपी सुंदर ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है। यह फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी तीन भाषाओं में रिलीज होगी। द फैमिली स्टार पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है।

# 'टॉक्सिक' की तैयारी में 'केजीएफ 2' स्टार यश

## जानें कब शुरू होगी शूटिंग?





'केजीएफ 2' के बाद कन्नड़ सुपरस्टार यश क्या बड़ा धमाका करने वाले हैं। इस पर हर किसी की नजर है। कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म देकर भी यश ने जल्दबाजी नहीं दिखाई और इत्मीनान से अपनी अगली मूवी साइन की। सुपरस्टार यश की अगली फिल्म का नाम जानने के लिए दर्शकों को करीब 2 साल लंबा इंतजार करना पड़ा। एक बड़े अंतराल के बाद आखिरकार सुपरस्टार यश ने अपनी अगली फिल्म का धांसू ऐलान कर ही दिया। जिसके बाद अब इस फिल्म से जुड़ी पल-पल की खबर पर फैंस की नजरें बनी रहती हैं। सुपरस्टार यश के पिछले जन्मदिन के खास मौके पर उनकी अगली फिल्म का धांसू ऐलान हुआ था।

जिसके जरिए जानकारी मिली कि 'केजीएफ 2' की अपार सफलता के बाद सुपरस्टार यश अपनी अगली फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए मलयालम सिनेमा की दिग्गज फिल्म निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ हाथ मिला रहे हैं। सुपरस्टार यश स्टारर नेशनल अवॉर्ड विनर निर्देशक गीतू मोहनदास की इस अपकमिंग मूवी का ऐलान एक जबरदस्त टीजर के साथ हुआ। इसके बाद ये मूवी प्री-प्रोडक्शन फेज में चली गई। रिपोर्ट्स हैं कि अब जल्दी ही इस मूवी की शूटिंग शुरू होने वाली है।

### 'टॉक्सिक' का प्री-प्रोडक्शन वर्क हुआ पूरा

एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में पिंकविला पोर्टल के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक 'केजीएफ 2' स्टार इस फिल्म की तैयारियों में जी-जान से लगे हैं। वो फिल्म के प्री-प्रोडक्शन वर्क में भी खासा एक्टिव रहे। बीते दिनों 'टॉक्सिक' के सेट से वायरल हुईं यश की तस्वीरें इस फिल्म के ही प्री-प्रोडक्शन वर्क के दौरान की थी। जहां वो फिल्म निर्देशक और बाकी टीम मेंबर्स के साथ रेकी को लेकर बिजी थे। रिपोर्ट की मानें तो अब इस मूवी की शूटिंग बहुत जल्दी शुरू होने वाली है। इसकी जानकारी फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने दी। हालांकि फिल्म की शूटिंग शुरू होने की तय तारीख का खुलासा नहीं हुआ है।

### 'टॉक्सिक' से जुड़ी खास बातें

बता दें कि इस मूवी में यश और निर्देशक गीतू मोहनदास जैसे बड़े नामों के साथ अदाकारा करीना कपूर खान का भी नाम जुड़ रहा है। फिल्मी हलकों में चर्चा है कि अदाकार इस फिल्म में लीड रोल निभाने वाली हैं। जबकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म में श्रुति हासन लीड रोल निभा सकती हैं। श्रुति हासन ने फिल्म के धमाकेदार टीजर सॉन्ग में भी अपनी आवाज दी थी। हालांकि अभी यश के अलावा बाकी स्टारकास्ट को लेकर मेकर्स ने कोई खुलासा नहीं किया है। इस मूवी को अगले साल 10 अप्रैल 2025 तक रिलीज करने की तैयारी है।





# महिला खिलाड़ियों से मारपीट मामले में बड़ी कार्रवाई, गोवा पुलिस ने आरोपी दीपक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,30 मार्च (एजेंसियां) ।**

महिला खिलाड़ियों से मारपीट मामले में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अकार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

शनिवार को खेल मंत्रालय ने सख्ती दिखाते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बात की जानकारी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी। दरअसल, दो महिला खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एआईएफएफ के एक सदस्य पर नशे की हालत में शारीरिक उत्पीड़न और हिंसा का आरोप लगाया।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मामले में सख्ती दिखाते हुए एआईएफएफ को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, 'गोवा में चल रही भारतीय महिला लीग के दौरान महिला फुटबॉलरों पर उनके कोच द्वारा कथित शारीरिक हमले को गंभीरता से लिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।'

### क्या है मामला

मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश स्थित क्लब खाद एफसी से संबंधित दो खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एक होटल के कमरे में एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है। दोनों ने आरोप लगाया कि शर्मा ने नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की और उन्हें थप्पड़ मारा। गोवा फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) और एआईएफएफ ने इसकी शिकायत दर्ज होने की बात स्वीकार की है।

### नशे की हालत में की मारपीट

पलक वर्मा और रितिका ठाकुर ने तीन गवाहों के साथ शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया, 'गुरुवार को जैसे ही रात का खाना खत्म हुआ, हम अंडे उबालने के लिए अपने कमरे में चले गए। इसी बात से दीपक शर्मा नाराज हो गए और हमारे कमरे में घुस आए। उन्होंने हमें थप्पड़ मारा और हम पर शारीरिक हमला किया। वह हमारे सामने शराब पी रहे थे।'


## न्यूज ब्रीफ

### महिला विरोधी टिप्पणी करने पर भड़कीं साइना नेहवाल, कांग्रेस के इस कद्दावर नेता को लताड़ा



**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल दावणगेरे सीट से भाजपा की उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरी पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी पर भड़क उठीं। साइना ने कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की जिन्होंने गायत्री पर हाल ही में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दावणगेरे दक्षिण से मौजूदा कांग्रेस विधायक 92 वर्षीय शिवशंकरप्पा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद सिद्धेश्वरा जीएम की पत्नी गायत्री पर महिला विरोधी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि गायत्री केवल रसोई में खाना बनाना जानती हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और भाजपा नेता साइना शिवशंकरप्पा के बयान से भड़क उठीं और उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट डाल उनकी कड़ी आलोचना की। साइना ने लिखा, 'कर्नाटक के एक वरिष्ठ नेता शिवशंकरप्पा का कहना है कि महिलाओं को सिर्फ रसोई में काम करने तक सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई लैंगिक टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जिनका नारा है लड़की हूं, लड़ सकती हूं।' उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की आशा रखती हैं, ऐसे में महिलाओं के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी हैरान करने वाली है। 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली नेहवाल ने कहा, 'जब मैंने देश के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी। मुझे क्या करना चाहिए था? जब सभी लड़कियां और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने का सपना देखती हैं तो इस तरह का बयान क्यों दिया जा रहा है। एक तरफ हम नारी शक्ति को वंदन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया, जबकि दूसरी ओर नारी शक्ति का अपमान करने वाले लोग हैं। यह बहुत ही परेशान करने वाला है।'

### नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे नए सत्र की शुरुआत ओलंपिक खिताब बचाना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई से डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में अपनी शुरुआत करेंगे। वहीं जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवां स्थान प्राप्त किया था और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। चोपड़ा ने कहा कि इस साल, उनका लक्ष्य अपने ओलंपिक खिताब को बचाए रखना है, लेकिन 90 मीटर की बाधा को पार करना भी उनके लिए बहुत मायने रखेगा। दोहा चरण में अच्छी परिस्थितियों और शानदार माहौल के बीच सत्र को बेहतरीन तरीके से शुरू करने का अच्छा मौका होगा। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा। वडलेज्च तोक्यो ओलंपिक में रजत और 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता था। चोपड़ा ने कहा कि वह भारतीयों से मिलने वाले गर्मजोशी भरे समर्थन से हमेशा अभिभूत रहता हूं उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छे प्रदर्शन के साथ उनके भरोसा पर खरा उतरुंगा। दोहा मीट 2024 डायमंड लीग सीरीज का तीसरा चरण है। डायमंड लीग 4 अलग-अलग महाद्वीपों में कुल 15 चरण में आयोजित होता है। इसका आगाज 20 अप्रैल को जियामेन से हुआ जबकि ब्रूसेल्स (13-14 सितंबर) में आखिरी चरण का होगा।

### शुरुआती मैचों में विफल रहे हैं आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सबसे महंगी कीमत देकर नीलामी में खरीदा था पर वह अब तक असफल रहे हैं और एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। केकेआर ने स्टार्क पर आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी रकम 24.75 करोड़ रुपए की बोली लगायी थी। उसे उम्मीद थी कि स्टार्क के आने से उसकी गेंदबाजी बेहतर होगी पर अब तक ऐसा नजर नहीं आया है। शुरुआती मैचों में स्टार्क केकेआर की उम्मीदों को पूरा करते नहीं दिखे हैं। स्टार्क अब तक खेले दो मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। केकेआर ने हालांकि अपने दोनो मैचों को जीता है पर इसमें स्टार्क की भूमिका नहीं रही है। उसकी जीत में आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, सुनील नरेन और फिल साल्ट की बड़ी भूमिका रही है। रसेल ने 2 मैच में 4 विकेट लेने के अलावा 64 रन भी बनाए हैं। हर्षित ने 5 विकेट लिए हैं। सुनील नरेन ने 49 रन बनाए हैं और 2 विकेट भी लिए हैं। वहीं फिल साल्ट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाये हैं।
वहीं केकेआर के टीम मैनेजमेंट को अब भी स्टार्क की क्षमताओं पर पूरा भरोसा भी है। केकेआर के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा, 'स्टार्क के पास काफी अनुभव है। उन्हें पता है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए क्या करना जरुरी होता है या हालातों से किस प्रकार से तालमेल बैठाया जा सकता है।

# लखनऊ ने पंजाब को 21 रन से हराया, गेंदबाजों ने कराई वापसी, धवन-बेयरस्टो की साझेदारी पर पानी फेरा



**लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आईपीएल) में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 11वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को अपने होमग्राउंड में 21 रन से हराया। अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में शनिवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन ही बना सकी। शिखर धवन 50 बॉल पर 70 और जॉनी बेयरस्टो 29 बॉल पर 42 रन बनाकर आउट हुए। 21 साल के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने डेब्यू मैच में 3 विकेट झटके, जबकि मोहसिन खान ने 2 विकेट लिए। मयंक ने इस मैच में 156 की स्पीड से बॉल डाली।

जो सीजन की सबसे तेज गेंद रही। एलएसजी से क्विंटन डी कॉक ने 38 बॉल पर 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान निकोलस पूरन ने 21 बॉल पर 42 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या ने 22 बॉल पर नाबाद 43 रन की पारी खेली। पंजाब से सैम करन ने तीन विकेट झटके, जबकि अर्शदीप सिंह को 2 विकेट मिले। नवीन-उल-हक की आखिरी बॉल के साथ लखनऊ ने सीजन की पहली जीत हासिल कर ली है। टीम ने अपने होमग्राउंड में पंजाब को 21 रन से हराया। इस जीत से लखनऊ की टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है, जबकि शिखर धवन की पंजाब की टीम छठे नंबर पर पहुंच गई है।

19वां ओवर लेकर आए क्रुणाल पंड्या ने 7 रन का ओवर निकाला। इसी के साथ आखिरी ओवर में पंजाब को 41 रन का टारगेट बचा। 19वें ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 159/5 रहा। मोहसिन खान ने लखनऊ को लगातार 2 विकेट दिलाए। 17वें ओवर की पहली बॉल पर उन्होंने शिखर धवन को कॉट बिहाइंड कराया। अगली ही बॉल पर उन्होंने सैम करन को मिड-ऑन पोजशिन पर कैच आउट करा दिया। इन झटकों के बाद पंजाब का स्कोर 141/5 हो गया। पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन 70 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने 17वें ओवर में धवन को कॉट बिहाइंड कराया। धवन ने 50 बॉल खेलीं। 16वें ओवर में पंजाब को तीसरा झटका लगा। मयंक यादव ने इस ओवर की चौथी बॉल पर जितेश शर्मा को नवीन-उल-हक के हाथों कैच कराया। इससे पहले, मयंक ने प्रभसिमरन सिंह (19 रन) और जॉनी बेयरस्टो (42 रन) को भी पवेलियन भेजा। 14वें ओवर में मयंक यादव ने पंजाब को दूसरा झटका दिया। ओवर की तीसरी बॉल पर प्रभसिमरन सिंह (19 रन) को पवेलियन भेजा। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 129/2 रहा। बेयरस्टो का विकेट गंवाने के बाद पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया। वे अर्शदीप की जगह मैदान पर आए। 12वां ओवर डालने आए मयंक यादव ने 156 की स्पीड की बॉल डाली। उनकी पहली बॉल 156 डाली। उन्होंने ओवर में दो बॉल 150+ की स्पीड की डाली।

ओवर की चौथी बॉल पर उन्होंने बेयरस्टो को आउट करके शतकीय साझेदारी भी तोड़ी। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 107/1 रहा। 11वें ओवर में शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। रवि बिश्नोई की दूसरी बॉल पर शिखर धवन ने दो रन लेकर 100 रन की ओपनिंग साझेदारी पूरी की और टीम का स्कोर भी 100 रन तक पहुंचाया। ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 101/0 रहा। शिखर धवन ने आईपीएल करियर की 51वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 30 बॉल पर अर्धशतक जमाया।

उन्होंने 8वां ओवर लेकर आए रवि बिश्नोई की चौथी बॉल पर छक्का जमाते हुए अर्धशतक पूरा किया। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 73/0 पहुंच गया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में शिखर धवन ने मोहसिन खान की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाई। उन्होंने मोहसिन की पहली और दूसरी बॉल पर चौके जमाए और टीम का स्कोर 50 पार पहुंचाया। फिर ओवर की चौथी बॉल पर छक्का भी छक्का जड़ा। इस ओवर के बाद पंजाब ने बिना नुकसान के 60 रन बना लिए। धवन और बेयरस्टो नाबाद हैं।

# अब आर-पार के मूड में आया डब्ल्यूएफआई, खेल मंत्रालय के निलंबन नहीं हटाने पर लेगा यह अहम फैसला



**नई दिल्ली,30 मार्च (एजेंसियां) ।**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएफआई ने विशेष आम बैठक (एजीएम) बुलाई और उसमें यह फैसला लिया कि अगर केंद्रीय खेल मंत्रालय उस पर लगाए निलंबन पर विचार नहीं करता है तो वह सरकारी खर्च के बिना काम करना शुरू कर देगा। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली नई डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ है।

**आईओए ने तदर्थ समिति को किया था भंग**-खेल की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। आईओए द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद ही डब्ल्यूएफआई ने अपनी एजीएम आयोजित की थी।

**सरकार ने नहीं हटाया डब्ल्यूएफआई से निलंबन**-डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई है, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें अबतक राहत नहीं मिली है। सरकार के अनुसार, डब्ल्यूएफआई ने नियमों का उल्लंघन किया था और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

**सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेगा डब्ल्यूएफआई**-डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, एजीएम के दौरान इस बात पर सहमित बनी है कि हम सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटा लिया है और आईओए ने भी तदर्थ समिति भंग कर दी है इसलिए डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए निलंबन को जारी रखने का कोई मतलब नहीं है। अगर खेल मंत्रालय हमारे अनुरोध पर विचार नहीं करता है और वित्तीय सहायता प्रदान करने के खिलाफ फैसला लेता है तो हम भी सरकार से कोई खर्च लिए बिना अपना काम करेंगे।

**डब्ल्यूएफआई ने अपने संविधान में किया संशोधन**-एजीएम के दौरान डब्ल्यूफआई ने अपने संविधान में एक अहम संशोधन किया है। इसके अनुसार अब नए पद पर चुनाव लड़ने वाले किसी उम्मीदवार को दो तिहाई बहुमत से जीतने की जरूरत नहीं होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जब पाकिस्तान...

महाधिवक्ता विंग कमांडर यूएन पाठक के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के दौरान 16 गवाहों से पूछताछ की गई थी और ग्रुप कैप्टन सौरभ गुप्ता, स्क्वाड्रन लीडर प्रांजल सिंह और विंग कमांडर अभिनव शर्मा को लापरवाही का दोषी करार दिया गया। तीनों अधिकारियों की सेवाओं को समाप्त करने के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करने का निर्णय लिया गया था। सेवा से बर्खास्तगी के लिए वायुसेना अधिनियम, 1950 की धारा 19 और वायुसेना नियम, 1969 के नियम 16 के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करके कार्रवाई शुरू की गई थी। 23 वर्षों के बाद भारतीय वायुसेना में ऐसा निर्णय लिया गया, क्योंकि इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के कारण ऐसी कार्रवाई की आवश्यकता थी।

कमांडर पाठक ने सैन्य अदालत को बताया कि ब्रह्मोस मिसाइल फायरिंग की दुर्घटना के संबंध में अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त थी, इसलिए तीन अधिकारियों का कोर्ट मार्शल के जरिए परीक्षण किया जाना उचित था। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में माना गया कि परीक्षण से जुड़ी टीम को पता था कि मिसाइल के लड़ाकू कनेक्टर जंक्शन बॉक्स से जुड़े हुए हैं, इसके बावजूद मोबाइल ऑटोनॉमस लॉन्चर से लड़ाकू मिसाइल की फायरिंग नहीं रोकी जा सकी। इसी का नतीजा रहा कि पड़ोसी देश में मिसाइल का प्रक्षेपण होने से भारतीय वायुसेना और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। साथ ही सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान हुआ।

### भारत 642.631 अरब ...

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक 22 मार्च तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर से बढ़कर 642.631 अरब डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे एक सप्ताह पहले भी विदेशी मुद्रा भंडार में 6.396 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई, जो 642.492 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक ने बताया कि सप्ताह के दौरान गोल्ड रिजर्व में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 347 मिलियन डॉलर बढ़कर 51.487 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसके अलावा स्पेशल ड्राइंग राइट्स 57 मिलियन डॉलर कम होकर 18.219 अरब डॉलर पहुंच गया है।

भारत में एफपीआई ने सबसे ज्यादा निवेश कैपिटल प्रोडक्ट्स, ऑटोमोबाइल, फाइनेंस, टेलीकॉम और रियल एस्टेट में किया है। जबकि आईटी सेक्टर में बिक्री की है।

गौरतलब है कि इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2021 में सबसे ज्यादा था। इस समय भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन डॉलर पर हो गया था। फिर केंद्रीय बैंक द्वारा रुपए को गिरने से रोकने लिए इस मुद्रा का भारी मात्रा में उपयोग किया था, तब इसमें बड़ी गिरावट आई थी।

### हर घर जल...

भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। तिवारी ने कहा था कि जल बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य था कि यह खुद अपना मूलभूत ढांचा तैयार करेगा और अपने राजस्व से अपने खर्चे चलाएगा। केवल बड़ी प्लान हेड योजनाओं के लिए दिल्ली सरकार आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराएगी।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 1999 से 2013 तक कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने जल बोर्ड के संसाधनों की लूट मचाई। जिसकी वजह से 2013-14 के अंत में जल बोर्ड पर करीब 20 हजार करोड़ रुपए की देनदारी खड़ी हो गई। उसके बाद 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी, उसने 14 लाख घरों को नल से जल देने का सपना दिखाया, लेकिन जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए।मनोज तिवारी ने कहा कि हर घर को पानी देने का सपना दिखाने वाली केजरीवाल सरकार ने जनता को धोखा दिया है। दिल्ली में आज 1350 एमजीडी पेय जल की आवश्यकता है, लेकिन उपलब्धता मात्र 950 एमजीडी की है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 9 साल में पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि बीते 5 वित्तीय वर्षों में जल बोर्ड को 12,700 करोड़ रुपए के ऋण और अनुदान दिए गए, लेकिन इन पैसे का कोई हिसाब नहीं है।

मनोज तिवारी ने कहा कि वित्त विभाग ने जब हिसाब मांगा तो केजरीवाल सरकार ने विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया। किसी भी संस्था में हेरफेर का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज भी एक तिहाई आबादी टैंकर माफिया के रहमो करम पर है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट राशि की अगली किस्त देने के लिए जब वित्त विभाग ने जल बोर्ड से 1557 करोड़ रुपए का हिसाब मांगा तो जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली में जल संकट की धमकी देना शुरू कर दिया।

### दिल्ली शराब घोटाले में...

भाजपा ने आरोप लगाया था कि कैलाश गहलोत के परिवहन मंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक हजार डीटीसी बसों की खरीद प्रक्रिया शुरू की थी। भाजपा का आरोप है कि इन 1000 बसों की खरीद और इनके रखरखाव मामले में भ्रष्टाचार किया गया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने ईडी रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री जांच में नहीं कर रहे सहयोग हैं। मामले से जुड़े कुछ और लोगों से सीएम का सामना करवाना है।उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपए का फायदा होगा।

सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसके लिए ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपए चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई। नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। वहीं, बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात कही जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का यही आरोप है। तीन तरह से घोटाले की बात सामने आ रही है। इसे समझने के लिए हम थोड़ा आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।

शराब नीति के कार्यान्वयन में अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी।

ईडी और सीबीआई दिल्ली सरकार की नई शराब नीति में कथित घोटाले की अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी नीति को बनाने और लागू करने में धन शोधन के आरोपों की जांच कर रही है। वहीं, सीबीआई की जांच नीति बनाते समय हुई कथित अनियमितताओं पर केंद्रित है। शराब नीति घोटाले मामले में ईडी इससे पहले अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी और आज अरविंद केजरीवाल के घर पर पहले छापेमारी फिर तलाशी और बाद में गिरफ्तारी की। गिरफ्तार लोगों में 1: विजय नायर, 2: अभिषेक बोइनपल्ली, 3: समीर महेंद्रू, 4: पी सरथ चंद्रा, 5: बिनोय बाबू, 6: अमित अरोड़ा, 7: गौतम मल्होत्रा, 8: राघव मंगुटा, 9: राजेश जोशी, 10: अमन ढल, 11: अरुण पिल्लई, 12: मनीष सिसोदिया, 13: दिनेश अरोड़ा, 14: संजय सिंह और 15: के. कविता शामिल हैं।

### आडवाणी को घर ...

उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। पीवी नरसिंह राव आठ बार चुनाव जीते। उन्हें राजनीति का चाणक्य कहा जाता था। कांग्रेस पार्टी में 50 साल बिताने के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। राव 10 अलग-अलग भाषाओं के विद्वान थे और उन भाषाओं में धाराप्रवाह बात कर सकते थे। वह उन दसों भाषाओं में अनुवाद के भी विशेषज्ञ माने जाते थे।चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। साल 1929 में मेरठ वापस आने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने कहा, मैं बता नहीं सकता कि मैं कितना खुश हूं। दादा के भारत रत्न का सम्मान ग्रहण करते हुए इस पल की अहमियत का एहसास होता है। भारत सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति दी है।कर्पूरी ठाकुर को बिहार की सियासत में सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाला नेता माना जाता है। कर्पूरी ठाकुर साधारण नाई परिवार में जन्मे थे। उन्होंने पूरी जिंदगी कांग्रेस विरोधी राजनीति की और अपना सियासी मुकाम हासिल किया। यहां तक कि आपातकाल के दौरान तमाम कोशिशों के बावजूद इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार नहीं करवा सकी थीं। कर्पूरी ठाकुर की पोती नमिता कुमारी ने कहा, बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इस भाव को शब्दों में बया कर पाना मुश्किल है। यह सिर्फ परिवार के लिए ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने बिहार के लोगों के लिए बहुत बड़ा काम किया है।प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का जन्म मद्रास प्रेसीडेंसी में साल 1925 में हुआ था। स्वामीनाथन 11 साल के ही थे जब उनके पिता की मौत हो गई। उनके बड़े भाई ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर बड़ा किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। इसे देखते हुए उन्होंने 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था। पिछले साल 28 सितंबर को एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन हो गया था। स्वामीनाथन को उनके काम के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें पद्मश्री (1967), पद्मभूषण (1972), पद्मविभूषण (1989), मैग्सेसे पुरस्कार (1971) और विश्व खाद्य पुरस्कार (1987) महत्वपूर्ण हैं।

पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण अडवाणी भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनका जन्म 1927 में पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। अडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के उप-प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री भी रह चुके हैं। लाल कृष्ण अडवाणी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री आडवाणी के घर जाकर उन्हें भारत-रत्न से सम्मानित करेंगी।

### अंतरिक्ष में भारत...

जोसफ ऐशबैकर ने कहा, भारत अंतरिक्ष में जो हासिल कर रहा है, खासकर चंद्रमा के क्षेत्र में, वह हैरान करने वाला है। हमने आज ईएसए परिषद में इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ की मेजबानी की। प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो सहयोग के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए यह महत्वपूर्ण बैठक थी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने और सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है।अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेस्केट ने कहा, पेरिस में इसरो अध्यक्ष सोमनाथ और हमारे महानिदेशक ऐशबैकर का स्वागत करके हम बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच उत्साही बातचीत हुई। भारत साल 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल 1 के प्रक्षेपण के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे — हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# रामलला के आगमन के साथ ही यूपी ने देखे कई बड़े बदलाव

लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)। साल 2024 की पहली तिमाही उत्तर प्रदेश में उल्लास, उत्साह, उत्सव और उम्मीद से भरी रही। जनवरी माह में जहां 500 साल के इंतजार के बाद भगवान श्रीरामलला अपने नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए, तो वहीं फरवरी माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यूपी में विकास को रफ्तार देने के लिए अबतक का सबसे बड़ा बजट (7.36 लाख करोड़ रुपए) पास करके इतिहास रच दिया। यही नहीं फरवरी में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए पहली बार 10 लाख 25 हजार करोड़ रुपए के निवेश को एक ही दिन में धरातल पर उतारकर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। साल 2024 की पहली तिमाही खत्म होते होते बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के साथ ही यूपी खासकर पूर्वांचल से माफिया युग का अंत हो गया है।



2024 की यात्रा उत्तर प्रदेश की विकास गाथा में नये अध्यायों के साथ जारी है। हालांकि, इसकी शुरुआत 2023 के अंत से ही हो गई थी, जब 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या सहित पूरे प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी।

इसमें महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी शामिल है। वहीं 22 जनवरी को प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश के लिए वो गौरवमयी पल भी आया जब 500 साल के इंतजार के बाद भगवान श्रीरामलला अपने नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

प्रधानमंत्री मोदी, सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भगवान राम के सुंदर बालस्वरूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो पूरा देश और दुनियाभर में फैले सनातनी रोमांचित हो उठे। इसके बाद प्रतिदिन राममंदिर में दर्शन-पूजन के लिए औसतन एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अबतक तकरीबन डेढ़ करोड़ रामभक्तों ने श्रीराममंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर लिया है। आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी पर अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

साल 2024 का फरवरी माह यूपी में मां लक्ष्मी की भरपूर कृपा बरसी। 5 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट (7.36 लाख करोड़) का बजट पास किया। बजट 2024-25 में सरकार ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे के साथ ही इंडस्ट्रियल नोड्स, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 14 नये मेडिकल कॉलेज को प्राथमिकता देते हुए खजाना खोल दिया। सरकार ने प्राथमिक शिक्षा, ऊर्जा, पुलिस विभाग, लोकनिर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, ग्रामीण विकास और नमामी गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति पर भी विशेष तौर पर बजट आवंटित किया। वहीं 19 से 21 फरवरी तक राजधानी में आयोजित हुए यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने पूरी दुनिया का ध्यान यूपी की ओर खींचा, जब यहां एक दिन में ही 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारा गया। इन निवेशों में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर, रिन्यूवेबल एनर्जी, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, पॉवर, फूड प्रॉसेसिंग, रियल इस्टेट, एमएसएमई, हॉस्पिटैलिटी, इंटरटेन्मेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर में सर्वाधिक कंपनियों ने निवेश किया। इससे 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

साल की पहली तिमाही खत्म होते होते 28 मार्च की रात मुख्तार अंसारी की मौत के साथ ही प्रदेश में माफिया युग का भी अंत हो गया। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबियत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही दशकों से आतंक का पर्याय रहे मुख्तार और उसके साम्राज्य का भी सफाया हो गया। मुख्तार पर गंभीर किस्म के अपराधों में संलिप्त होने के तकरीबन 65 मुकदमे दर्ज थे। योगी सरकार में प्रबल पैरवी और अभियोजन की तत्परता से माफिया को उसके गुनाहों की सजा मिलने लगी। मात्र डेढ़ साल में ही मुख्तार अंसारी को 8 गंभीर मामलों में सजा सुनाई गई। इनमें दो मामलों में उसे आजीवन कारावास की सजा मिली। मुख्तार के अलावा, विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सो-हराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमि कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब कुरैशी, बच्चू यादव, धर्मेन्द्र कीर्ठल, रणदीप भाटी, संजय सिंह सिंघला, अनुपम दुबे तथा उधम सिंह जैसे माफिया तत्वों का साम्राज्य पहले ही ध्वस्त कर दिया गया है। मुख्तार की मौत के बाद यूपी से माफिया युग का भी आखिरकार अंत हो गया।

# पंजाब में भी हो रही है योगी मॉडल की डिमांड

## गायक कन्हैया मित्तल ने की योगी मॉडल की तारीफ



लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)। जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाए हैं वाला गीत गाकर दुनियाभर में शोहरत हासिल करने वाले जाने-माने गायक कन्हैया मित्तल ने कहा है कि उनके पंजाब में भी आज शासन के योगी मॉडल की डिमांड बढ़ गई है। मीडिया से बातचीत में कन्हैया मित्तल ने कहा कि पहले जहां गुजरात मॉडल की बात की जाती थी, 2024 में अब यूपी मॉडल की हर कोई चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि योगी राज में जिस तरह से माफिया को मिट्टी में मिलाने की बात हुई, ये होना बहुत जरूरी था। जनता के भीतर से माफिया का डर निकाल देना बहुत बड़ी बात है।

कन्हैया मित्तल ने कहा कि किसी भी प्रदेश में व्यापार और आर्थिक गतिविधियां तभी बढ़ेंगी जब वहां व्यापारी वर्ग और बेटियां सुरक्षित होंगी। आज पूरा देश महाराज जी (योगी आदित्यनाथ) की कार्यप्रणाली देख रहा है। उन्होंने बताया कि वह चंडीगढ़ में रहते हैं और अब पंजाब में भी योगी जी की डिमांड है। माफिया की कमर तोड़ने का काम होते रहना चाहिए। भारत जीयो और जीने दो की बात करता है। यह परमहंस और संतों की धरती है। गैंगेस्टरों का खत्मा होना जरूरी है।

कन्हैया मित्तल ने कहा कि बीते 10 साल में हमने देश में जैसा शासन देखा है वैसा ही अगले 20 साल तक देखने की चाहत है। उन्होंने कहा कि वह देशभर के सनातनियों को अपने गीतों के जरिए जागरूक करते रहेंगे। मित्तल ने स्पष्ट किया कि देश को वो सरकार नहीं चाहिए जो रामभक्तों पर गोली चलाती हो, बल्कि ऐसी सरकार चाहिए जो हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करती हो

# माफिया मुख्तार के जनाजे में उमड़े हजारों लोग



गाजीपुर, 30 मार्च (एजेंसियां)। मुख्तार अंसारी के जनाजे में हजारों लोग शामिल हुए। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। मुख्तार को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

बांदा मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उसके शव को शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 4:43 बजे गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम और एंबुलेंस सहित 21 गाड़ियों के साथ बांदा से गाजीपुर की दूरी करीब साढ़े आठ घंटे में तय हुई। मुख्तार अंसारी की मौत गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में हार्टअटैक से हुई थी। पोस्टमॉर्टम में भी मौत की वजह हार्ट अटैक पाई गई है। मुख्तार के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। माफिया मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार उसके घर से करीब 400 मीटर दूर पुश्तैनी कब्रिस्तान में किया गया।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच की जाएगी। इस संबंध में आदेश दे दिए गए हैं। न्यायिक जांच की रिपोर्ट एक महीने में दी जाएगी। बांदा की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश देते हुए इसके लिए अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को नियुक्त किया है। एडीएम राजेश कुमार जेल में बंद विचाराधीन बंदी मुख्तार की मौत के मामले की उत्तर प्रदेश कारागार मैनुअल 2022 के प्रावधानों के तहत जांच करेंगे।

जिलाधिकारी ने उनसे 15 दिन के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट देने को कहा है। पांच बार विधायक रहे मुख्तार की बृहस्पतिवार को बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने आरोप लगाया कि जेल में उसे धीमा जहर दिया गया था। मुख्तार की बृहस्पतिवार रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी

# मथुरा में हेमा मालिनी के बरक्स लड़ेंगे बॉक्सर विजेंदर



मथुरा, 30 मार्च (एजेंसियां)। मथुरा लोकसभा सीट से अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला काफी रोमांचक बना दिया है। यहां दो बार की सांसद हेमा मालिनी से बॉक्सर विजेंदर सिंह की सीधी टक्कर होगी। जाट बाहुल्य सीट पर कांग्रेस ने जाट कार्ड खेल कर इस चुनाव में कांग्रेस ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा ने मथुरा से दो बार की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां से रालोद का साथ भी उन्हें मिला हुआ है। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे चार जून को आ जाएंगे।

भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों यानी 2014 और 2019 मथुरा लोकसभा से जीत हासिल की थी। साल 2019 हेमा मालिनी को टक्कर देने के लिए 12 अन्य उम्मीदवार मैदान में थे। कांग्रेस ने महेश पाठक, राष्ट्रीय लोक दल ने कुंवर नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र जनताराज पार्टी ने ओम प्रकाश को मैदान में उतारा था। मगर हेमा मालिनी ने जोरदार जीत हासिल की थी। वहीं साल 2014 में भी हेमा मालिनी ने यहां जीत दर्ज की थी। भाजपा ने मथुरा लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी को उतारा है।

# मुरादाबाद की सियासी तपिश हैदराबाद तक

## हसन का टिकट कटने के साथ अब सपा में ओवैसी की एंट्री

मुरादाबाद, 30 मार्च (एजेंसियां)। सपा नेता और सांसद एसटी हसन का टिकट कटने के बाद पार्टी के भीतर हलचल जारी है। इस प्रकरण में अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की एंट्री हो चुकी है। उन्होंने हैदाराबाद में जुमे की नमाज के बाद कहा कि खुदा एसटी हसन की लाज रख ले। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

इस सियासी बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। वहीं सांसद डॉ. एसटी हसन और रुचि वीरा के बीच अभी तक कोई बात नहीं हुई है। सांसद डॉ. एसटी हसन को सपा ने अपना उम्मीदवार घोषित किया था। 26 मार्च को एसटी हसन ने नामांकन भी कर दिया था। लेकिन नामांकन के साथ ही उनके टिकट कटने की भी चर्चाएं शुरू हो गई थी।

दूसरे दिन बुधवार दोपहर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से जारी पार्टी का सिंबल और एसटी हसन के सिंबल निरस्तीकरण का पत्र लेकर कलक्ट्रेट पहुंच गईं। साथ ही नामांकन करके सभी को चौंका दिया था। इसके बाद सपा में मुरादाबाद से लेकर लखनऊ तक हलचल मच गई। टिकट कटने से आहत सांसद डॉ. एसटी हसन ने अपने बयान में मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करने तक की बात कह डाली। इसके बाद असदुद्दीन ओवैसी लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके जरिये वह सपा पर तंज कस रहे हैं। फिलहाल ओवैसी मुरादाबाद की सियासत में चर्चाओं में बने हुए हैं।

टिकट कटने के बाद सांसद डॉ. एसटी हसन ने ओवैसी की बात का हवाला दिया था। कहा था कि असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में कहा था कि हसन साहब आपको अखिलेश फॉर्म बी नहीं देंगे। वह मुस्लिम लीडरशिप को खत्म करना चाहते हैं। वह बात सच साबित हो गई। उस समय हंसी मजाक समझकर ओवैसी की बात टाल गए थे। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि उन्हें ओवैसी की तकरीर के बारे में पता नहीं है लेकिन ऐसा किया है तो ओवैसी को शुक्रिया कहूंगा। दिल्ली में रहते हुए ओवैसी से बातचीत होती रहती थी। सपा प्रत्याशी के मिलने या संपर्क करने के सवाल पर कहा कि मुझसे सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने संपर्क नहीं किया है। वह सपा प्रत्याशी से मिलना भी नहीं चाहते हैं। उनसे मिलने पर मेरे समर्थकों का दिल टूट जाएगा। अपनों की तकलीफों का उन्हें अहसास है। समर्थक टिकट कटने के कारण आहत हैं।

# पीएम-सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले की जमानत खारिज



प्रयागराज, 30 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और हेट स्पीच तथा प्रेस रिपोर्टर बन कर गलत रिपोर्ट करने के आरोपी को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

साथ ही जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान ने वाराणसी, लालपुर थाने में दर्ज आपराधिक मामले में आरोपी अमित मौर्य की अर्जी खारिज करते हुए दिया।

कोर्ट ने पत्रकारों और प्रकाशकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की सही जानकारी उजागर करना ठीक है। लेकिन मीडिया का प्रयोग धन उगाही के लिए नहीं किया जा सकता। इससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता धूमिल हो रही है। कोर्ट ने सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणी को सही नहीं माना हालांकि कहा सरकार के कार्यों से असहमति व आलोचना करने की सभी को आजादी है। यह मजबूत लोकतंत्र का एक घटक है, किंतु अभिव्यक्ति गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# गंगा पर 83 करोड़ का पुल टूटा, घटिया सामग्री प्रयोग की मिली थीं शिकायतें

## अखिलेश ने पूछा कितना चंदा दिया

बुलंदशहर, 30 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के बुलंदशहर क्षेत्र के गांव माजरा माली की मडैया में 83 करोड़ की लागत से गंगा नदी पर बनाए जा रहे पुल के तीन बीम बीच से टूटकर गिर गए। बताया जा रहा है कि दो बीम टूटकर नीचे गिर गए, जबकि एक बीम पिलर पर रखा हुआ ही टूट गया। पुल के बीम टूटने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए पूछा कि ठेकेदार ने भाजपा को कितना चंदा दिया है। हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुल के बीम टूटने की घटना पर डीएम सीपी सिंह ने सीडीओ कुलदीप मीना की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं।



बुलंदशहर और अमरोहा को जोड़ने के लिए क्षेत्र के माजरा माली की मडैया में गंगा नदी पर 83 करोड़ से निर्माणाधीन पुल के बीम अचानक नीचे गिर गए और एक बीम पिलर पर रखा हुआ ही टूट गया। बीम गिरने की आवाज पर मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने गिरे बीम को जेसीबी की मदद से रेती में दबाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर पहुंचे लोगों ने कर्मचारियों को कार्य करने से रोक दिया और अधिकारियों को सूचना दी।

बीम टूटने के बाद अधिकारियों ने इसे दैवीय आपदा साबित करते हुए शुक्रवार को ही बीम डालने की बात कही, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि बीम को जमीन पर कास्ट करने के बाद करीब एक सप्ताह पहले ही पिलर पर सेट किया गया था। इसके बाद भी न तो बीम में लगी सामग्री की गुणवत्ता और न ही बीम की मजबूती की जांच की गई।


ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सेतु निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आए दिन कार्यदायी संस्था एडिकोन के अधिकारी और कर्मचारी लगातार दोयम दर्जे की सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी न तो सामग्री की गुणवत्ता में सुधार हुआ और न ही किसी अधिकारी पर कार्रवाई की गई। सेतु निगम के अधिकारियों की लापरवाही की स्थिति यह है कि पुल के लिए बीम कास्ट कर दिए गए, लेकिन इसकी मजबूती और सामग्री की गुणवत्ता की जांच भी नहीं कराई गई। बीम में लगाई गई सामग्री की गुणवत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अभी बीम पर न तो स्लैब कास्ट की गई थी और न ही अन्य कोई लोड था, इसके बाद भी बीम बीच में से ही टूट गया।

निर्माणाधीन पुल के बीम गिरने की सूचना पर विधायक देवेंद्र लोधी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का तो दावा करने लगे, लेकिन लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व में शिकायत के बाद भी सामग्री की गुणवत्ता में सुधार के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया। करीब एक साल पहले भी पुल के पिलर में दरार आ गई थी, इस पर कई बार लोगों ने हंगामा करते हुए उच्च गुणवत्ता से कार्य कराने के मांग की थी। इसके बाद अधिकारियों ने जांच कराने के लिए आईआईटी के विशेषज्ञ प्रोफेसर को भी बुलाया, लेकिन मामला रफा-दफा कर दिया गया।

गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के बीम टूटने के मामले में अब अधिकारी दैवीय आपदा के सहारे खुद को बचाने में लगे हैं। शुक्रवार देर शाम बिजली कड़कने और मौसम खराब होने का हवाला दिया जा रहा है।

# दो माह में ही बच्ची को मिला इंसाफ, दुष्कर्मी को उम्रकैद

लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)। नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने महज दो माह में सुनवाई पूरी कर शनिवार को फैसला सुना दिया। कोर्ट ने आर-ोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।



विशेष लोक अभियोजक सीएल द्विवेदी के मुताबिक अमेठी कोतवाली के भीमी गांव का दिनेश पाल आठ दिसंबर 2023 को अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आया था। आरोपी रिश्तेदार के घर की एक नौ साल की बच्ची को साथ लेकर निमंत्रण में गया था। लौटते समय उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी दिनेश पाल के खिलाफ केस दर्जकर उसे जेल दिया था। कोर्ट में यह मामला 30 जनवरी 2024 को पंजीकृत किया गया और उसी दिन कोर्ट ने संज्ञान लिया। अदालत ने दिनेश पाल को उम्रकैद व 51 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को मिलेगी।

मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से घटना को साबित करने के लिए आठ गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया था। सरकारी वकील सीएल द्विवेदी बताते हैं कि 10 पेशी में गवाहों के साक्ष्य दर्ज किए गए थे। गवाही देने वालों में पीड़िता, उसका पिता, चिकित्सक, विवेचक व अन्य शामिल थे।

दुष्कर्म के दोषी दिनेश पाल को पुलिस ने आठ दिसंबर 2023 को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल काट रहा है। मामले की गंभीरता के कारण उसे कोर्ट से जमानत नहीं मिल पाई थी।

दुष्कर्म पीड़िता को गंभीर हालत में लखनऊ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सरकारी वकील सीएल द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ में पीड़िता का आठ दिन तक इलाज चला था।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 31 मार्च, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# गाय किसी एक धर्म विशेष की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की साझी विरासत है : राधाकृष्ण महाराज

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

ध्यान फाउंडेशन गौशाला के तत्ववाधवान में ध्यान फाउंडेशन के अश्विनी गुरूजी की प्रेरणा से गौशाला के सहायतार्थ एसएनसी कन्वेंशन में 29 से 31 मार्च तक तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन किया जा रहा है। नानी बाई का मायरा में गोवत्स पू. श्री राधाकृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से कथा में पधारकर सभी भक्तगण, गोभक्त एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। हम सभी मनुष्य एक से उत्पन्न हुए हैं और एक में ही विलीन हो जायेंगे। हमारे देवी- देवता एक ही हैं, तो कुछ पशु भी जिनकी हम पूजा करते हैं, जैसे कि, सांप, गाय इत्यादि। गाय और उसके बछड़े में भी कुछ ऐसी ही शक्ति है, जिस कारण मिस्र से लेकर उत्तरी यूरोप तथा पूर्व तक गाय और बैल, प्रजनन शक्ति और प्रचुरता के सार्वभौमिक प्रतीक रहे हैं। वर्तमान समय में, हॉली काऊ अर्थात गौमाता शब्द भारतवर्ष से जुड़ा हुआ है, लेकिन इतिहास में पीछे मुड़कर देखें तो इससे गोजातीय देवी की सर्वव्यापकता का पता चलता है। सिंधु घाटी की मुहरों पर प्रमुख आकृति बैल की है, जिसे भगवान शिव के पसंदीदा नंदी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। विश्व इतिहास के सबसे प्राचीन ग्रंथ





ऋग्वेद में गाय को अदिति और अघ्यना कहा गया है अर्थात जिसकी हत्या करना या काटना अनुचित है। गाय का दूध अमृत कहा जाता है जो उत्तम आरोग्य प्रदान करता है, वहीं उसके मांस की तुलना विष से की गई है, जो रोग उत्पन्न करता है। गाय को मोक्ष का द्वार भी माना जाता है। हमारे धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि शरीर छोड़ने के बाद आत्मा को वैतरणी नदी पार करने में गौमाता ही सहायता करती है। एक वैदिक यज्ञ में गव्य उत्पादों के प्रयोग का महत्व तो सभी जानते हैं। गोघृत और गोबर के बिना कोई भी यज्ञ और अनुष्ठान अधूरा है यहां तक कि भारतीय मंदिरों के प्रवेश द्वार की रक्षा हेतु भी उनके बाहर बैलों की प्रतिमा स्थापित की जाती थीं।यह सभी तथ्य गायों के संरक्षण और सेवा से मिलने वाली दैवीय कृपा और लाभ को वर्णित करते हैं। ध्यान आश्रम के स्वयंसेवकों ने व्यावहारिक रूप से इस तथ्य का अनुभव किया है। चाहे वो गौमूत्र द्वारा कैंसर का उपचार हो या बैल के कान में किसी इच्छापूर्ती की प्रार्थना या फिर गौ सेवा से प्राप्त भौतिक और आत्मिक उन्नति। होली काऊ अर्थात पवित्र गाय किसी एक विशेष धर्म के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इस पूरी दुनिया की साझी विरासत है और उसकी सेवा और पालन पोषण करने वाले लोग अपने जीवन में तीव्र प्रगति करते हैं।

ध्यान फाउंडेशन गोवंश तथा अन्य जीवों को बचाने के लिए करुणा एवं जीव दया की अनेक गतिविधियों में शामिल है तथा कई वर्षों से बीएसएफ के साथ मिल कर पश्चिम बंगाल सीमा और असम आदि राज्यों में गोवंश की तस्करी रोकने के कार्य में लगा हुआ है। फाउंडेशन ने अब तक पशु तस्करों से बचाए गए करीब 70,000 से भी अधिक गोवंश को देशभर में बनी अपनी 47 से भी अधिक गौशालाओं में पुनर्वासित किया है। इसके अलावा दुर्घटनाओं, एसिड हमलों, और चोटों से घायल पीड़ित जीवों की मदद भी शामिल हैं। गाय को धेनु कहा जाता है अर्थात दाता, अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाली। उसकी कृपा केवल दूध तक ही सीमित नहीं है बल्कि वह परिपोषक है, संरक्षक है, प्रदाता है। वह मां है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन आशीर्वाद हेतु एक गौमाता सेवा (न्यूनतम एक अधिकतम भक्तों की श्रद्धानुसार) दत्तक (गोद लेने के लिए) वार्षिक सेवा 30,000/- एवं प्रति माह सेवा 2,500/- रखी गई है।

इस अवसर पर मुख्य यजमान मदनलाल चन्द्रकांत डोतिया, मायरा यजमान श्री तिरुपति बालाजी, दैनिक यजमान राजकुमार सारड़ा इन्द्रा सारड़ा, महेन्द्र खेतान, साकेत सुरेशचन्द्र अग्रवाल, हनुमानप्रसाद गोयल, धनुंजय अग्रवाल, कृष्णकुमार गर्ग, विकास मित्तल, अमित अग्रवाल, नन्दकिशोर दरक, श्रीमती पुष्पा देवी दरक, राकेश नालपुरिया, दीपक विजयवर्गीय, मीनाक्षी विजयवर्गीय, ध्यान फाउंडेश गौशाला के सहयोगी उपस्थित थे।




## तेरापंथ महिला मंडल की दो दिवसीय श्री उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन 14 से

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष कविता आच्छा ने बताया की इस वर्ष हैदराबाद मंडल द्वारा श्री उत्सव प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन 14-15 जून को तेरापंथ भवन डीवी कॉलोनी में किया जाएगा। संपूर्ण भारतवर्ष में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में 400 शाखा मंडलों द्वारा इसका आयोजन किया जाता है। इसमें उद्यमी बहनों एवं कन्याओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मंच प्रदान किया जाता है। महिला सशक्तिकरण मंडल का मुख्य उदेश्य है। इसमें स्थानीय एवं विभिन्न राज्यों कोलकाता, रायपुर,पटना, जयपुर, मुंबई आदि के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में डिजाइनर ड्रेस, वैसटर्न ड्रेस, बैडशिट्स, ज्वेलरी, फुटवियर, विभिन्न प्रकार के पर्स, घर सजाने के आयटम आदि का प्रदर्शन सह बिक्री रहेगी। श्री शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वैलर का शोरूम भी लगाया जायेगा। डिज़ायर डायमंड ज्वैलरी का भी शोरूम लगाया जाएगा। स्वादिष्ट, मज़ेदार, एवं बढ़िया,स्नैक्स की स्टाल्स भी लगेंगी। बहनों से निवेदन है यदि कोई सहभागिता चाहती हैं तो, अध्यक्ष कविता आच्छा, मंत्री सुशीला मोदी या संयोजिका रीता सुराणा, अनीता गिरिया अथवा रूबी दुगड से संपर्क करें।



टीडीपी के पूर्व सांसद नंदमुरी हरि कृष्णा की बेटी नंदामुरी सुहासिनी शनिवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए।



केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी से शिष्टाचार भेंटकर काचीगुड़ा क्षेत्र की समस्याओं के बारे मे जानकारी देते हुए रिद्धीश जागीरदार, दिनेश गोकर, तरूण महेता, आरके जैन, मुकेश चौहान, रमेश यादव, सूर्यप्रकाश सिंह।

## तेलंगाना गोशाला फेडरेशन ने किसानों में किया गोवंश का वितरण

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना गोशाला फेडरेशन द्वारा वर्ष 2023 में जरूरतमंद एवं निर्धन किसानो को 2600 गोवंश वितरित किए गए। शनिवार को काचीगुडा स्थित तेलंगाना गोशाला फेडरेशन के कार्यालय में अध्यक्ष राजेश्वर राव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किया। राजेश्वर राव ने बताया की अनुसूचित जनजाति के किसानों को 1000, अनुसूचित जाति के किसानों को 290, पिछड़ा वर्ग के किसानों को 710,



महिला किसानों को 497 गोवंश वितरित किए गए। साथ ही कृषि विश्वविद्यालयों एवं मंदिरो में भी गोवंश वितरित किया गया है। 2023 वर्ष में खम्मम, जनगांव, वारंगल, हनुमकोंडा, महबूबाबाद, सूर्यापेट, करीमनगर, यादाद्रि, सिरसिल्ला, महबूबनगर, हैदराबाद, रंगारेड्डी आदि जिलों के किसानों को गोवंश वितरित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए गौरव अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने कहा की फेडरेशन द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए निर्धन किसानो को नि:शुल्क रूप से गोवंश दिया जाता है, जिससे किसान गोबर एवं गोमूत्र से सेंद्रिय खेती कर सके एवं ट्रैक्टर के स्थान पर गोवंश का प्रयोग कर सके। अब तक हजारों किसान इसी गोवंश की मदद से सेंद्रिय खेती कर रहे हैं।

महेश अग्रवाल ने आगे बताया की फेडरेशन द्वारा समय-समय पर गोमय गणेश प्रतिमा, गोमय दीपक, गोमय राखी आदि का भी निर्माण किया जाता है, जो की पूर्ण रूप से नैसर्गिक होता है और इसकी बिक्री से आने वाली आमदनी से किसानो को अतिरिक्त आमदनी होती है। इस अवसर पर विभिन्न गोशाला के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## गीत चांदनी की मूल्यांकन गोष्ठी आज

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नगरद्वय के कवियों की सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी की प्रतिमास अंतिम रविवार आयोजित होने वाली मूल्यांकन कवि गोष्ठी रविवार 31 मार्च को सायं 6 बजे से नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न होगी। मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्रुतिकांत भारती अध्यक्षता करेंगे।

गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय कार्यक्रम का संचालन करेंगे और संस्था की गतिविधियों से अवगत करायेंगे। इस अवसर पर कवि अंजनी कुमार गोयल बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व संचालक गोविंद अक्षय ने बताया कि इस मूल्यांकन कवि गोष्ठी में नई दिल्ली से कुलीना कुमारी के संपादन में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका महिला अधिकार अभियान (मजबूती की ओर बढ़ते क़दम) के मार्च, 2024 में प्रकाशित अंक पर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकार चर्चा करेंगे। इस अवसर पर कविगण कवि गोष्ठी में देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ करेंगे। गीत चाँदनी के पदाधिकारियों ने सभी कवियों और हिंदी प्रेमी श्रोताओं से कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## रोटरी क्लब का साक्षरता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद मिड टाउन ने शनिवार को मासिक धर्म स्वच्छता पर कमजोर समुदायों की युवा लड़कियों को शिक्षित करने में एक उल्लेखनीय कदम उठाया है। मुंबई से आरसी कल्याण टाइगर्स (आरआई 3142) की एक पहल, वक्ता रोटेरियन दक्षता रानाडे ने संवेदनशील विषय को बहुत ही सहज तरीके से समझाने में शानदार काम किया।



सत्र की योजना और निष्पादन आरसीएचएमटी और विश्वा फाउंडेशन द्वारा उनके साक्षरता प्रोग्राम के एक भाग के रूप में किया गया था। यह युवा लड़कियों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित एक इंटरैक्टिव सत्र था और माताओं और यह कार्यक्रम स्वयंसेवकों तक भी बढ़ाया गया जो मासिक धर्म के आसपास कुछ बाधाओं और कल्पित कथा को तोड़ने में मदद कर सकते हैं। एक स्वयंसेवक ने कहा कि उसने अपने शरीर के बारे में कई नई चीजें सीखी हैं और वह समुदाय में अपनी अन्य युवा लड़कियों के साथ इस महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करे रोटेरियन निधि आनंद ने मीना समन्वयक सेवा भारती, आरसीएचएमटी के सचिव अमरदीप, सीमा कुमार और विश्वा के हरि को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। क्लबों ने हैदराबाद में निष्पादित संयुक्त जिला परियोजना के एक हिस्से के रूप में मैत्री ध्वज का भी आदान-प्रदान किया।

## भारत विकास परिषद आदेश्वर शाखा के चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एक दशक से अधिक समय से मानव सेवा क्षेत्र में विकलांग शिविर का आयोजन कर नगर की गणमान्य हस्तियों को स्वामी विवेकानंद स्मृति सम्मान से सम्मानित करते हुए कार्यरत भारत विकास परिषद की आदेश्वर शाखा का शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ।

जैन रत्न मानिकचंद समदरिया अध्यक्ष एवं दिलीप मखाना को मानद मंत्री मनोनीत किया गया। देवेंद्र कटारिया एवं विनोद संचेती को उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। कोषाध्यक्ष संतोष बेद, सह मंत्री प्रेम मर्लेचा, संगठन मंत्री रमेश लुणावत, प्रचार प्रसार संयोजक भरत मेहता, विकलांग शिविर के संयोजक किशोर पोकरण वीरेंद्र सुराणा, सजन राज भंडारी एवं मदन चंद लुणावत को सलाहकार मनोनीत किया गया। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्टी ज्योति बाटिया, धार्मिक अनुष्ठान के संयोजक बस्ती चंद बेद एवं दिलीप बेद, ललित बेद, संजय कामदार अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



दुध बावली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सेवा भारती द्वारा असहाय निर्धन बच्चों के लिए नि:शुल्क कम्प्युटर ट्रेनिंग सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, सचिन दामोदर सोनी, मुकेश चौहान, आरके जैन, मयूर अग्रवाल, विनय भूषण, विशाल खन्ना, अवधनाथ राय, राजेन्द्र विजयवर्गीय, हरिनाथ, पियुष मिश्रा एवं अन्य।



बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर.लक्ष्मण राव ने शनिवार को पंचमुखी हनुमान सेवादल जियागुड़ा द्वारा आयोजित हनुमान मठ में महाआरती और पूजा कार्यक्रम में भाग लेकर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजक महेंद्र गुल्लापल्ली ने उन्हें शॉल और कंडवा से सम्मानित किया। इस अवसर पर सूर्या शुक्ला महासचिव, रामेश्वर मिश्रा, पवन गौड़, सरदार गुरमीत सिंह, राहुल, विजयकुमार, जसवन्त, जी-वीके वेंकट, पवन इंदौरिया, पुरूषोतम, पुजारी शंकर और दीपक, नरेश और अन्य उपस्थित थे।

# पंकज कुमार संघी नेशनल बिज़नस लीडर्स अवार्ड- 2024 से सम्मानित




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हाईटेक सिटी स्थित टी हब में टैक्स फाइलिंग इंडिया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जगदंबा सारीस दिलसुखनगर के पंकज कुमार संघी को सारीस बिज़नेस रिटेल इंडस्ट्री में नेशनल बिजनेस लीडर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर टॉलीवुड स्टार अनुपमा, बिग बॉस स्टार अश्विनी, मल्ला रेड्डी हेल्थ सिटी कि एमडी प्रीति रेड्डी ने कहा कि ऐसे समारोह आयोजित करने से लोगों का मनोबल बढ़ता है और इससे बिज़नेस बिज़नेस आस्था का अभिरभाव होता है तथा मिस एशिया पैसिफिक 2017-18 सुधा जैन, अरुण अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कलेक्टर रिजवान बाशा शेख ने किया धान खरीद केंद्र का उद्घाटन



**जनगांव, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर रिजवान बाशा शेख ने अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) रोहित सिंह के साथ शनिवार को जिले के बचन्नापेट मंडल के तम्मादापल्ली गांव में स्थापित अनाज खरीद केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर अनाज की जानकारी ली। साथ ही वजन करने में कोई परेशानी न हो इसे ठीक से संभालना चाहिए। इसी प्रकार क्रय केन्द्रों पर भी सशस्त्र उपाय किये जायें। गर्मी को देखते हुए किसानों और प्रबंधकों के लिए बिना किसी परेशानी के पीने का पानी, छाया, शेड, टेंट, कुर्सियों आदि की व्यवस्था को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि क्रय केन्द्रों पर ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराये जायें। इसके साथ ही जिले में 11 और अनाज क्रय केंद्र शुरू हो गए हैं।

# सारे के सारे- सतरा हमारे: तेलंगाना लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिया नया नारा



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना भाजपा ने सारे के सारे सतरा हमारे (सभी 17 लोकसभा सीटें हमारी हैं) का नारा अपनाया है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने पार्टी कार्यकर्ताओं को राज्य के सभी संसदीय क्षेत्रों को जीतने के विश्वास के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि 2019 के चुनावों के दौरान 4 लोकसभा सीटों पर जीत के साथ, सरकार राज्य में 9 लाख करोड़ रुपये के विकास कार्यों को अंजाम देने में सक्षम थी।

तेलंगाना में बीजेपी ने सारे के सारे सतरा हमारे नारे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस विश्वास के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है कि बीजेपी हैदराबाद समेत राज्य की सभी संसदीय सीटों पर जीत हासिल करेगी। भगवा पार्टी ने राज्य की 17 लोकसभा सीटों के विधानसभा क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर चुनाव अभियान तेज करने का फैसला किया है। लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 17 भाजपा उम्मीदवारों को दैनिक आधार पर नियमित दौरे करने, प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करने और नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया गया है। 17 लोकसभा सीटों और उनके अधिकार क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर जमीनी स्तर से काम का फोकस होगा। इसके लिए राज्य के हर पोलिंग बूथ के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय लिया गया है।

बूथ अध्यक्षों, महासचिवों, बूथ स्तर के आयोजकों और बूथ समन्वयकों की नियुक्ति के माध्यम से मतदान केंद्र स्तर पर दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की समीक्षा, नेताओं और कार्यकर्ताओं का समन्वय किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार कर चुके हैं, जबकि दूसरे चरण में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी राज्य का दौरा तय है।

# बीआरएस को एक और झटका, महापौर विजयलक्ष्मी कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत राष्ट्र समिति को उस समय तगड़ा झटका लगा जब हैदराबाद की महापौर (मेयर) गडवाल विजयलक्ष्मी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुश्री विजयलक्ष्मी ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुईं।

विजयलक्ष्मी बीआरएस महासचिव और राज्यसभा सदस्य के केशव राव की बेटी हैं, जिन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया है। केशव राव ने शुक्रवार को रेवंत रेड्डी, दासमुंशी और अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। बताते चलें कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के लिए 2020 में हुए पिछले चुनाव में बीआरएस 150 में से 55 वार्ड जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा 48 सीटों के साथ मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी थी, जबकि असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी ने 44 वार्ड जीते थे। वहीं कांग्रेस पार्टी केवल दो वार्ड ही जीत सकी थी।

बंजारा हिल्स वार्ड से पार्षद चुनी गईं विजयलक्ष्मी तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पहली महिला मेयर चुनी गईं थीं। कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले पर उन्होंने कहा कि अगर मेयर सत्तारूढ़ दल के साथ है तो विकास कार्य सुचारू तरीके से किए जा सकते हैं। 55 सालों तक कांग्रेस के साथ रहने वाले केशव राव साल 2013 में बीआरएस में शामिल हो गए थे और दो बार राज्यसभा के लिए नामांकित हुए। उन्होंने बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को कांग्रेस में लौटने के अपने फैसले से अवगत करा दिया है। केशव राव और उनकी बेटी का यह कदम बीआरएस के लिए बड़ा झटका है। बीआरएस 30 नवंबर 2023 के चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता हार गई थी। बीआरएस ने पांच मौजूदा सांसदों और एक विधायक सहित कई नेताओं को कांग्रेस या भाजपा के हाथों खो दिया है। बीआरएस के कई अन्य नेताओं के भी पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# त्वरित प्रभाव से खोले जाएं धान खरीद केंद्र : कलेक्टर वेंकटेश



**आसिफाबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि जिले में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किये जाएं। जिला अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) दसारी वेणु, जिला नागरिक आपूर्ति विभाग अधिकारी तारामणि, जिला कृषि विभाग अधिकारी श्रीनिवास राव, नागरिक आपूर्ति विभाग जिला प्रबंधक नरसिम्हा राव सहित जिला नागरिक आपूर्ति विभाग और जिला नागरिक आपूर्ति निगम के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला केंद्र स्थित एकीकृत जिला समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में आपूर्ति विभाग एवं जिला नागरिक आपूर्ति निगम 2023-24 के तहत चावल की खरीद पर कृषि, सहकारिता, इं. राइस मिलर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रय केन्द्रों के प्रबंधक के.पी. इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रम चलाएगी, इसके तहत एक अप्रैल को जिन मंडलों में धान की खेती होती है, वहां धान क्रय केंद्र खोले जाएं। चावल की कटाई शुरू होने से पहले अन्य केंद्रों को शुरू करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में 37 क्रय केन्द्र स्थापित कर किसानों को पेयजल एवं छाया की व्यवस्था के साथ-साथ ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराये जाएं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए आवश्यक बोरों की व्यवस्था के साथ-साथ तिरपाल भी उपलब्ध कराए। सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य किसानों को दिलाने के लिए अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। नियमों के अनुसार ग्रेड ए किस्म के लिए समर्थन मूल्य 2 हजार 203 रुपए तथा सामान्य किस्म के लिए 2 हजार 183 रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तौल के तुरंत बाद अनाज को चावल मिलों तक पहुंचाने के लिए कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि चूंकि चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए सावधानी से काम करें। जिले में दूसरे क्षेत्रों से अनाज आने से रोकने के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं, क्रय केंद्रों के प्रबंधक किसानों के लिए उपलब्ध रहें। अनाज के परिवहन के दौरान, निर्यात और आयात के लिए आवश्यक कुलियों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए और अधिकारियों और चावल मिलों के मालिकों को आंदोलन प्रक्रिया को तेज करने के लिए समन्वय में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में तहसीलदार, कृषि, विस्तार एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी, आईकेपी अधिकारियों, चावल मिल मालिकों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# प्रत्येक नागरिक को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए : जिला निर्वाचन अधिकारी




**आसिफाबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मतदान में सभी पात्र व्यक्तियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। शनिवार को जिला अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) दसारी वेणु के साथ एकीकृत जिला समाहरणालय भवन परिसर से जिला केंद्र में अंबेडकर स्क्वायर तक स्वीप गतिविधियों के हिस्से के रूप में शुरू किए गए। 5के रन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई और भाग लिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के नागरिकों को संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान का अधिकार अत्यंत मूल्यवान है और इस अधिकार का सही ढंग से प्रयोग करना चाहिए तथा विकास के लिए नेतृत्व का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में है उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलाजता प्रदर्शन, डोर टू डोर अभियान और विभिन्न प्रकार के व्यापक अभियान कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। बूथ स्तर के अधिकारियों को अपने कर्मचारियों के साथ उन सभी लोगों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो वोट देने के पात्र हैं, जिन्हें वोट देने का अधिकार है उन्हें अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों को वोट देने के लिए जागरूक करना चाहिए। 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के मतदान के एक भाग के रूप में, हर कोई जो पात्र है और जिसका नाम मतदाता सूची में है, उसे अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने सभी के साथ मतदाता शपथ ली। इस कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, बूथ लेवल पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# आउटसोर्स प्राचार्यों को हटाकर उनके स्थान पर नियमित प्राचार्यों को नियुक्त किया जाए



**आसिफाबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कुमरमभीम जिले में जिन अल्पसंख्यक गुरुकुलों में अभी भी आउटसोर्सिंग प्राचार्य हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए और उनके स्थान पर नियमित प्राचार्यों की नियुक्ति की जानी चाहिए।

इसके अलावा गुरुकुलों में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। आरएलसी केवल नाम के लिए है। गुरुकुल स्कूलों का निरीक्षण केवल नाम के लिए किया जा रहा है, लेकिन पूर्ण पैमाने पर जांच नहीं की जा रही है। छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ध्यान नहीं देने वाले आरएलसी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी तरह, आउटसोर्सिंग प्राचार्यों को हटाने के लिए डीवाईएफआई केवीपीएस संघ के रूप में डीएमडब्ल्यू को एक याचिका दी गई थी। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि वे उच्च अधिकारियों को गुमराह करने के लिए आरएलसी प्राचार्यों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। आरोप है कि कुछ लाख का भ्रष्टाचार हुआ है।

डीवाईएफआई के जिला सचिव गोडीसेला कार्तिक और केवीपीएस के जिला सचिव दुर्गम दिनकर ने डीएमडब्ल्यू को याचिका सौंपी।

# जिला कृषि अधिकारी ने फर्टिलाइजर की दुकानों का किया निरीक्षण



**मदनूर, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
संयुक्त मदनूर मंडल में तेलंगाना सरकार के आदेशनुसार कमारेड्डी जिला कृषि अधिकारी भाग्य लक्ष्मी ने शनिवार को मंडल समितियों के साथ साथ विविध रसायनिक दुकानों का निरीक्षण किया। विशेषकर आगामी बरसात के मौसम मद्देनजर किसानों को सलाह दी गई कि किसान समय पर बीज और खाद जमा रखें और किसानों को ई पास मशीनों के माध्यम से रसायनिक खाद की बिक्री की जाए। इस के साथ ही मदनूर किसान वेदिका में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस का भी अवलोकन किया गया। किसानों को सलाह दी गई कि वे सभी फसलों पर कृषि विभाग द्वारा मदनूर किसान भवन में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस का लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में मंडल कृषि अधिकारी राजू, एईओ अनिल, गजानन एवं सोसायटी स्टाफ ने भाग लिया।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



**सिरपुर कागजनगर, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कुमरमभीम जिले के रेबेना मंडल में मंडल अध्यक्ष गोलेम तिरूपति के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. कोत्तापल्ली श्रीनिवास, आदिलाबाद से भाजपा सांसद उम्मीदवार जी. नागेश ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। बैठक में उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी आदिलाबाद संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद उम्मीदवार जी.नागेश भारी बहुमत से जीतेंगे और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे।

रेबेना मंडल में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए ताकि भाजपा को सर्वोच्च बहुमत मिले। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य कृष्णाकुमारी, एसटी मोर्चा राज्य मुख्य सचिव कोटनक विजय, जिला महासचिव धोनी श्रीशैलम, संसद सह-संयोजक कोलिपाका किरण मयूर जिला उपाध्यक्ष गुलभम चक्रपाणि विशाल कॉन्ड्रे सुनील चौधरी जिला प्रवक्ता अंजनेयुलु गौड़ जिला सचिव बालकृष्ण कुंदरापु तालुका संयोजक सोल्लू लक्ष्मी सह-संयोजक सारा रमेश गौड़ा वरिष्ठ नेता सतीश बाबू राजू अग्रवाल मंडल महासचिव नवीन गौड़ मलराज रामबाबू मंडल बीसी मोर्चा अध्यक्ष उप्पारी मल्लेश मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष नंदकिशार बूथ अध्यक्ष और अन्य ने भाग लिया।

# मुठभेड़ में छह नक्सलियों के मारे जाने पर उठे गंभीर सवाल



**बीजापुर, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ में बीजापुर के गांव चिपुरमाटी में 27 मार्च को हुई कथित मुठभेड़ पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसमें छह नक्सली मारे गए थे। निकटवर्ती ग्रामीण भी इस मुठभेड़ के बारे में सटीक तरीके से जानकारी नहीं दे पा रहे। जिस जगह पर मुठभेड़ होने का दावा किया जा रहा है, वहां पर भी कुछ ठोस सबूत नजर नहीं आ रहे। हालांकि पुलिस ने मुठभेड़ होने की बात कही है।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की बात सही नहीं है। जंगल में 120 मिनट के भीतर सीन बदल जाता है। सुरक्षा बलों ने जिस नक्सली को जिंदा पकड़ा था, दो घंटे बाद वह भी उन नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जाता है। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस का खास दस्ता और केंद्रीय बलों की एक विशेष इकाई, सवालों के घेरे में है। इस मुठभेड़ में केंद्रीय बलों की एक विशेष इकाई के जवान शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा नक्सलियों का मुकाबला करने के लिए तैयार की गई, राज्य पुलिस का खास दस्ता भी मुठभेड़ के दौरान केंद्रीय बलों के साथ था। सुरक्षा बलों ने जिन लोगों को पकड़ा था, उनकी संख्या करीब दस बताई गई है। आरोप है कि उनके पास इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी तैयार करने का सामान था। मुठभेड़ के बाद माओवादियों की दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी द्वारा एक बयान जारी किया गया। कमेटी के सचिव गंगा के हवाले से कहा गया कि 27 मार्च को छह लोगों की हत्या की गई है। उनमें से दो संगठन के लोग थे और बाकी ग्रामीण थे। हालांकि इस मामले में ग्रामीणों ने पांच नक्सलियों के होने की बात कही है। पहले उन सभी को पकड़ा गया और उसके बाद उन्हें कथित मुठभेड़ में मार गिराया। माओवादियों की तरफ से यह दावा किया गया कि कथित मुठभेड़ में कोई भी सशस्त्र कैडर मौजूद नहीं था।

इस मुठभेड़ को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं, उसके पीछे एक नक्सली की तस्वीर का सोशल मीडिया पर आना रहा है। घटना वाले दिन सुबह साढ़े बजे जो तस्वीर आई थी, उसमें एक युवक को बंधक बनाकर रखा गया है। करीब दो घंटे बाद वही नक्सली मारा जाता है। घटना स्थल से किसी बड़े हथियार की बरामदगी नहीं हुई है। जंगल में भी मुठभेड़ के निशान नहीं दिख रहे। पुलिस की तरफ से बरामदगी के सामान में दो भरमार बंदूक और कुछ पिस्तौल बताई गई हैं। बंदूकों के बारे में बताया जाता है कि उनसे फायर हुए लंबा वक्त हो चुका है। मुठभेड़ के दौरान कहा गया था कि दोनों तरफ से स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल हुआ है। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों को खरोंच तक नहीं आई। ग्रामीणों के अनुसार, छह में से पांच नक्सली हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस, करीब दर्जनभर ग्रामीणों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। पुलिस का कहना है कि मारे गए नक्सलियों पर भारी इनाम था।

दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ को सही बताया है। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नक्सली, मुठभेड़ को फर्जी बताने का प्रयास करते हैं। इसके पीछे यह कारण होता है कि वे अपने हिंसक कृत्यों से पुलिस प्रशासन और लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। नक्सलियों का प्रयास होता है कि किसी भी तरह से सुरक्षा बलों की विश्वसनीयता को कम किया जाए। सुंदरराज पी ने माओवादियों द्वारा जारी बयान का खंडन किया है। हालांकि ऐसे मामले की जांच होती है। मुठभेड़ को लेकर मौजूद तथ्यों और उनकी प्रामाणिकता को देखा जाएगा। फरवरी में भी एक मुठभेड़ को फर्जी बताया गया था। कांकेर छत्तीसगढ़ में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में तीन लोग मारे गए थे। उनके परिवारों ने दावा किया था कि वे नक्सली नहीं थे। उस वक्त भी पुलिस ने परिवार वालों के आरोप को नकार दिया था। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने कहा था, पुलिस ने कुछ गलत नहीं किया है। इस तरह की मुठभेड़ के बाद स्थानीय लोग, नक्सलियों के दबाव में आकर ऐसा दावा करते हैं।

# केटीआर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव (केटीआर) के खिलाफ बंजारा हिल्स थाने में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। केटीआर ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के खिलाफ लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आलाकमान को 2,500 करोड़ रुपये भेजने का आरोप लगाया था। इसके बाद कांग्रेस नेता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

कांग्रेस नेता श्रीनिवास राव ने हनमकोंडा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। श्रीनिवास राव ने तर्क दिया कि इस कृत्य का उद्देश्य जनता को भ्रामक संकेत भेजकर मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा को धूमिल करना था। उन्होंने केटीआर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता की शिकायत पर हनमकोंडा थाने में एक शून्य एफआईआर दर्ज की गई और उसे हैदराबाद के बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया। केटीआर पर आईपीसी की धारा 504 और 505 के तहत केस दर्ज किया गया है। केटीआर ने मंगलवार को बीआरएस नेताओं की एक बैठक में कहा था, रेवंत रेड्डी के खिलाफ आरोप सामने आए हैं कि वह राज्य में व्यापारियों से पैसे वसूल रहे हैं और इसे दिल्ली आलाकमान को भेज रहे हैं। केटीआर ने आरोप लगाया था कि रेवंत रेड्डी ने लोकसभा चुनाव के लिए पहले ही 2,500 करोड़ रुपये दिल्ली भेज दिए हैं। इतनी बड़ी रकम इकट्ठा करने के लिए रेवंत रेड्डी ने कथित तौर पर मंजूरी न मिलने की धमकी देकर रियल एस्टेट हितधारकों पर फंड के लिए दबाव डालते हुए पिछले तीन महीनों में इमारतों और लेआउट के लिए अनुमति जारी करने पर रोक लगा दी।

## भाजपा की मैनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बने राजनाथ



**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

भाजपा ने अपनी मैनिफेस्टो कमेटी का ऐलान कर दिया है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है।

## पशुबाड़े से लौट रही महिला को स्कूल बस ने कुचला

**सोनीपत,30 मार्च (एजेंसियां)।**

सोनीपत के गांव शाहपुर तुर्क में पशुबाड़े में पशुओं को बांधकर लौट रही महिला को निजी स्कूल बस ने कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों के बयान पर कार्रवाई करेगी।गांव शाहपुर तुर्क की रहने वाली सुरेशी देवी (38) शनिवार को अपने पशुओं को लेकर पशुबाड़े में गई थी। वहां पर पशुओं को बांधने व अन्य कार्य निपटाने के बाद वह पैदल घर की तरफ आ रही थी। इसी दौरान उन्हें निजी स्कूल की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है मिनी स्कूल बस चालक मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने महिला को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## सिटी सेंटर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### दमकल टीम ने मॉल के शीशे तोड़कर आग पर पाया काबू



**अलवर,30 मार्च (एजेंसियां)।**

अलवर कोतवाली थाना क्षेत्र नगली सर्किल स्थित सिटी सेंटर परिसर में मौजूद सीए की दुकान में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ी आग बुझाने के प्रयास में जुटी रही। सिटी सेन्टर में आग लगने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सिटी सेंटर की पहली मंजिल के कांच तोड़कर अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

एसी में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है।

पूरे मॉल में धुआं ही धुआं निकलता हुआ दिखाई देने पर मॉल में मौजूद दुकानदार फटाफट बाहर निकले और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं फिलहाल आग से नुकसान का कोई आंकलन नहीं किया जा सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि मॉल में मौजूद सीए की दुकान में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शीशे तोड़कर आग पर काबू पाया।

**सरूपगंज में बजरी खनन और परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई**

## दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**सिरोही,30 मार्च (एजेंसियां)।**

सिरोही जिले की सरूपगंज पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में बजरी खनन और परिवहन करने पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थानाधिकारी कमल सिंह की अगुवाई में अलग-अलग टीमें गठित कर विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी गई। इस दौरान बजरी से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त कर नागपुरा स्कूल के पास, नागपुरा पुलिस थाना सरुपगंज निवासी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू पुत्र लसमाराम गरासिया को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में हेडकांस्टेबल भूरी सिंह, लक्ष्मणराम, कांस्टेबल गोपीलाल, दिनेश कुमार और ओमप्रकाश सम्मिलित रहे।

हालांकि दिलचस्प बात ये है कि खनन रोकने का जिम्मा संभाले जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी ही खनन माफिया पर मेहरबान बने हुए हैं। कार्रवाई करना तो दूर की बात रही ये लोग सब कुछ नजरअंदाज कर रहे हैं।

## पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी,चालक की मौके पर हुई मौत




**करौली,30 मार्च (एजेंसियां)।**

करौली-मंडरायल रोड स्थित नाहर कठहरा के पास पत्थर से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली पलटने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली शहर चौकी कांस्टेबल रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि ट्रॉली चालक हेमराज माली मंडरायल रोड स्थित एक खदान से ट्रैक्टर ट्रॉली में पत्थर भरने गया था। वापस लौटते समय ट्रैक्टर ट्रॉली घाटी में अनियंत्रित हो गई और खदान के पास ही पलट गई।

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने घायल को करौली हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## कंबोडिया में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए मोदी सरकार ने उठाए कदम

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

सरकार कंबोडिया में रोज़गार का झांसा देकर अवैध साइबर कामों में लगाए गए ढाई सौ भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कंबोडिया की सरकार के साथ मिल कर काम कर रही है। कंबोडिया में फंसे भारतीयों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को कहा, हमने कंबोडिया में फंसे भारतीय नागरिकों के बारे में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। कंबोडिया में हमारा दूतावास उन भारतीय नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे रहा है, जिन्हें उस देश में रोजगार के अवसरों का लालच दिया गया था, लेकिन उन्हें अवैध साइबर कार्य करने के लिए मजबूर किया गया था।



श्री जायसवाल ने कहा कि कंबोडियाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, लगभग 250 भारतीयों को बचाया और वापस लाया गया है, जिनमें से 75 लोगों को पिछले तीन महीनों में ही बचाया गया है। उन्होंने कहा, विदेश मंत्रालय और कंबोडिया में भारतीय दूतावास द्वारा हमारे नागरिकों को ऐसे घोटालों के बारे में कई परामर्श भी जारी किए गए हैं।

## तेलंगाना कांग्रेस ने गेट्स के साथ चाय पे चर्चा को लेकर मोदी के खिलाफ दर्ज की शिकायत

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनके हालिया बिल गेट्स के साथ चाय पे चर्चा सत्र को लेकर शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ यह चर्चा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन है और मतदाताओं पर संभावित अनुचित प्रभाव डालता है। सीईसी को लिखे एक पत्र में, चुनाव आयोग समन्वय समिति के अध्यक्ष, नीरजन ने राजीव कुमार से चाय पे चर्चा सत्र से संबंधित चिंताओं को दूर करने का आग्रह किया।

## नवविवाहिता गहने व नकदी लेकर फरार

**करनाल,30 मार्च (एजेंसियां)।**

शादी के 44वें दिन एक नवविवाहिता परिजनों को नशीला पदार्थ खिलाकर घर से 46 ताले सोने-चांदी के गहने, कीमती सामान सहित दो लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गई। जब अगले दिन नशीले पदार्थ का नशा उतरा तो परिजनों को घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ मिला। वहीं घर की तलाशी ली तो घर से सोने-चांदी के गहने व नकदी चोरी हुई मिली और नवविवाहिता भी गायब मिली। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने नवविवाहिता के खिलाफ पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई।




अलीपुर खालसा गांव निवासी पति अश्वनी कुमार ने घरौंडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। 14 फरवरी 2024 को उसकी शादी किरण पुत्री नरेश निवासी करहंस गांव जिला पानीपत के साथ हिंदू रीति रिवाज के तहत हुई थी। शादी के 44वें दिन यानी 28 मार्च को उसकी पत्नी किरण ने उसे व उसके परिवारजनों को खाना में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिस कारण उन्हें नशा हो गया।

उनके बेहोश होने के बाद उसकी पत्नी किरण घर पर लगे सारे सीसीटीवी कैमरा को बंद कर दिए। फिर उसके घर से छह तोले के सोने के आभूषण, इनमें सोने के हार, हाथों के कड़े, कानों के झुमके व टीका शामिल है। वहीं 40 तोले चांदी, इनमें चांदी भारी पायल, चुकटी, तागड़ी व गुंछा, घर के सारा कीमती सामान सहित दो लाख रुपये नकदी चोरी कर फरार हो गई।

पीड़ित ने बताया कि नशा होने के कारण उन सबकी आंख अगले दिन करीब सात बजे खुली तो उन्होंने देखा कि उसके घर का कीमती सामान चोरी हो गया है तो उन्होंने उसके बाद किरण की तलाश की लेकिन वह कहीं नहीं मिली। उसने उसकी सारी रिश्तेदारियों में भी उसका पता कर लिया है लेकिन उसकी पत्नी का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर नवविवाहिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित ने बताया कि शादी के बाद सब कुछ सामान्य था। उन्हें कभी ऐसा नहीं एहसास हुआ कि उसकी पत्नी ऐसा कर सकती है। उसकी पत्नी सबके साथ मात्र एक माह में ही घुलमिल गई थी। उन्हें पता नहीं था कि उसकी पत्नी ये कदम भी उठा सकती है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ने वारदात से ठीक एक दिन पहले घर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह से बंद कर दिया था। जिससे वारदात को कोई सबूत न रहे कि यह घटना उसने अकेले की है या फिर कोई और भी था।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Ratna Kumari Ratnam spouse of Venkata Ratnam Potluri, resident of at Nagaram, Hyderabad Telangana have changed my name from **RATNA KUMARI RATNAM** to **RATNA KUMARI POTLURI** vide affidavit dt:28-3-2024 before X Spl Metropolitan Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, N Mahalaxmi Reddy Legally Spouse of Service No : 6495002 M, RANK :- HAV/ASH, NAME :- Neelapu Dharma Reddy, UNIT :- 554 ASCBN, C/O 56APO, Vill :Korapalli, Post:- Narayanapur, Teh : Brahmapur, Dist Ganjam, State :- ODISHA, PIN :- 761002. Changed my Name from **MAHA LAXMI** to **N MAHALAXMI REDDY** and D.O.B :20/08/1988 W/O HAV/ASH NEELAPU DHARMA Reddy Aadhar card No:- 655112740205 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P.Raveendranath B.com, BL ON 30/03/24.

# एसीबी ने सब-इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते दबोचा

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने शनिवार को मीरपेट पुलिस स्टेशन के एक उप-निरीक्षक को उस समय रंगे हाथ पकड़ लिया, जब उसने कथित तौर पर एक व्यक्ति से 10,000 रुपए की रिश्वत मांगी और स्वीकार की। सब इंस्पेक्टर बी सैदुलु ने एक रियाल्टार के खिलाफ दायर शिकायत में कार्रवाई छोड़ने के लिए राशि की मांग की थी।

एसीबी अधिकारियों ने कहा, आरोपी अधिकारी ने अनुचित और बेईमानी से अपना कर्तव्य निभाया।

सब इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।




## यौन उत्पीड़न के आरोप में फूड डिलीवरी मैन गिरफ्तार

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जुबली हिल्स पुलिस ने एक महिला से दोस्ती करने के बाद उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक फूड डिलीवरी मैन को गिरफ्तार किया। मल्लेपल्ली निवासी ओबैदुल्ला खान (22) की मुलाकात कुछ महीने पहले महिला से हुई और दोनों करीबी दोस्त बन गए।

जुबली हिल्स पुलिस ने कहा, गुरुवार शाम को, रात के खाने के बहाने, ओबैदुल्ला उसे ओयो रूम में ले गया और उसे शराब पीने के लिए मजबूर करने के बाद उसका यौन उत्पीड़न किया। महिला शुक्रवार को पुलिस के पास पहुंची और ओबैदुल्ला के खिलाफ शिकायत की।पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.